संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

दैनिक घटती घटना

Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025
RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक -19 बुधवार ,20 नवम्बर 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## देश की संक्षिप्त खबरें

### गवर्नर शक्तिकांत दास का दूसरी बार कार्यकाल बढ़ा सकती है सरकार




#### 20 नवंबर के बाद जारी हो सकती है अधिसूचना

**नई दिल्ली, 19 नवम्बर 2024 (ए)।** केंद्र सरकार आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास का कार्यकाल बढ़ा सकती है। मीडिया रिपोर्ट के हवाले से बताया गया है कि किसी अन्य उम्मीदवार पर विचार नहीं किया जा रहा है, न ही शक्तिकांत दास के उत्तराधिकारी को चुनने के लिए कोई चयन समिति गठित की गई है। इसलिए, मौजूदा आरबीआई गवर्नर का कार्यकाल बढ़ाए जाने की संभावना है।

### जेएबी ने बदला नियम



**नई दिल्ली, 19 नवम्बर 2024 (ए)।** जेईई एडवांस्ड के लिए एक बार फिर बदलाव किया गया है। दरअसल, आईआईटी के ज्वाइंट एडमिशन बोर्ड ने जेईई एडवांस्ड के लिए तीन अटैम्प्ट देने का नियम बदल दिया है। अब पहले की तरह दो ही मौके मिलेंगे। दरअसल, आईआईटी कानपुर ने एक नोटिस जारी करके एडवांस्ड के अटैम्प्ट तीन कर दिए थे। जैब की मीटिंग में इसे रद्द कर दिया गया। नए निर्णय के बाद 2023 में 12वीं पास करने वालों के पास एडवांस्ड देने का अवसर नहीं होगा। इस बार जैब ने स्पष्ट किया है कि 2013 से लागू एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया ही 2025 के एडवांस्ड में लागू होगा।

# पैसे बांटने के मामले पर सियासत गर्म

» भाजपा महासचिव पर पैसे बांटने का आरोप...

» एफआईआरःदावा- 5 करोड़ लाए थे...

» मुंबई में होटल से 9 लाख मिले...

» विनोद तावड़े बोले...ये साजिश...



**मुंबई, 19 नवम्बर 2024(ए)।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की वोटिंग से एक दिन पहले भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े पर पैसे बांटने का आरोप लगा है।

विवाद तब शुरू हुआ जब बीव्हीए अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर और उनके बेटे क्षितिज मंगलवार 19 नवंबर विरार के होटल पहुंचे। यहां तावड़े नालासोपारा से भाजपा कैंडिडेट राजन नाइक और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग कर रहे थे। बहुजन विकास अघाड़ी ने आरोप लगाया कि तावड़े 5 करोड़ रुपए लेकर होटल पहुंचे थे और यहां वोटर्स को पैसे बांटे जा रहे थे। होटल में भाजपा और बीव्हीए कार्यकर्ताओं के बीच जमकर झड़प हुई।

होटल में हुए हंगामे के कुछ वीडियो भी सामने आए हैं। वीडियो में कुछ लोग हाथों में नोट लिए दिखाई दे रहे हैं। एक युवक डायरी लिए हुए है। आरोप है कि इसी डायरी में पैसों का लेखा-जोखा है। भाजपा और बीव्हीए कार्यकर्ताओं की झड़प और हंगामे

### चुनाव आयोग ने तावड़े के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई

विपक्ष के आरोप के बाद चुनाव आयोग ने विनोद तावड़े और नालासोपारा से भाजपा कैंडिडेट राजन नाइक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

जानकारी के मुताबिक चुनाव आयोग के अफसरों ने तावड़े के कमरे से 9 लाख रुपए और कागजात बरामद किए। इसका वीडियो सामने आया है। हालांकि चुनाव आयोग ने सिर्फ इतना कहा है कि कुछ सीज किया गया है।

## तावड़े पर लगे आरोप पर किसने क्या कहा

**राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर लिखाः-** मोदी जी, यह 5 करोड़ किसके सेफ से निकला है? जनता का पैसा लूटकर आपको किसने टेंपो में भेजा?

महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा-विरार के एक होटल में पैसे बांटते रंगे हाथ पकड़े गए बीजेपी के केंद्रीय महासचिव विनोद तावड़े का वीडियो वायरल हो रहा है। चुनाव आयोग को आचार संहिता के उल्लंघन के लिए विनोद तावड़े के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। हम मांग करते हैं कि लोकतंत्र में लोगों का विश्वास बनाए रखने और पारदर्शी तरीके से चुनाव कराने के लिए विनोद तावड़े को गिरफ्तार किया जाना चाहिए।

**शिवसेना उद्धव गुट के सांसद संजय राउत ने कहाः-** विनोद तावड़े पर गृह विभाग ने नजर रखी थी। भाजपा के कुछ लोग आज खुश होंगे। ये साजिश तो नहीं है। भविष्य में तावड़े बड़े ना हों, इसलिए यह किया गया। मेरे पास 18 लोगों के नाम हैं जो पैसा बांट रहे हैं। लेकिन विनोद तावड़े खुद पैसा बांट रहे हैं, यह आश्चर्य की बात है।

**आप के सांसद संजय सिंह ने कहाः-** अडाणी करोड़ों रुपए में एमएलए खरीदकर महाराष्ट्र की सरकार गिराता है। भाजपा सरकार बनाकर महाराष्ट्र में लाखों करोड़ का धंधा अडाणी को देती है। इसके बाद वो अडाणी के कालेधन से चुनाव लड़ती है। भाजपा नेता के हाथ में ये नोटों की गड्डियां अडाणी की हैं। बीजेपी महाराष्ट्र को अडाणी राष्ट्र बनाना चाहती है।

**भाजपा आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने कहाः-** अगर विपक्ष के पास ऐसे कोई सबूत हैं तो उन्हें चुनाव आयोग के पास जाना चाहिए। यह साजिश है। चुनाव से 24 घंटे पहले नेता अपने बूथ का मैनेजमेंट देखते हैं। ऐसा ड्रामा हारने वाले नेता करते हैं, जो इस समय नालासोपारा में हो रहा है। उस होटल में हमारे संगठन की बैठक चल रही थी।

एनसीपी नेता सुप्रिया सुले ने कहा, ये चौंकाने वाला है कि इतनी बड़ी पार्टी का एक राष्ट्रीय नेता पैसे बांट रहा है। ये किसी भी लोकतंत्र के लिए बहुत खतरनाक है। अगर लोग पैसे बांटकर चुनाव जीतना चाहते हैं तो हम जैसे लोगों को क्या करना चाहिए? इस देश में नैतिकता है या नहीं।

### ठाकुर बोले...होटल के सीसीटीव्ही बंद थे, हमने चालू कराए...

हितेंद्र ठाकुर ने कहा-मुझे जानकारी मिली थी कि विनोद तावड़े वोटर्स को रुपए बांटने आ रहे हैं। मुझे लगा उनके जैसा राष्ट्रीय नेता इतना छोटा काम नहीं करेगा। मैंने उन्हें होटल में जाकर देखा तो वहां सीसीटीवी बंद थे। हमारे कहने के बाद सीसीटीवी चालू किए गए। तावड़े वोटर्स को पैसे बांट रहे थे। वे होटल में 3 घंटे से ज्यादा समय तक रहे।

### बीव्हीए पार्टी अध्यक्ष के बेटे भी नालासोपारा से चुनाव लड़ रहे...

महाराष्ट्र की सभी 288 विधानसभा सीटों पर सिंगल फेज में 20 नवंबर को वोटिंग होगी।बीव्हीए अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर के बेटे क्षितिज ठाकुर भी नालासोपारा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

### तावड़े बोले...मैं कार्यकर्ताओं की मीटिंग में गया था, चुनाव आयोग जांच करे...

विनोद तावडे ने कहा...नालासोपारा विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं की बैठक चल रही थी। चुनाव के दिन की आचार संहिता की 12 बातें बताने के लिए मैं वहां पहुंचा था। हमारी सामने वाली पार्टियों को लगा कि मैं वहां पैसे बांटने पहुंचा हूं। इन आरोप की चुनाव आयोग और पुलिस जांच करें। मैं 40 साल से पार्टी में हूं। सभी मुझे जानते हैं। मैं भी चाहता हूं कि चुनाव आयोग को निष्पक्ष जांच करनी चाहिए।

### नासिक के होटल से 2 करोड़ रुपए हुए बरामद



मंगलवार को नासिक के एक होटल से 1.98 करोड़ रुपए जब्त किए गए। नासिक डिस्ट्रिक्ट जज जलज शर्मा ने कहा- होटल से 1.98 करोड़ रुपए जब्त किए गए हैं। अधिकारी मामले में आगे की कार्रवाई कर रहे हैं। इससे पहले 12 नवंबर को नवी मुंबई के नेरुल इलाके के एक घर से 2.5 करोड़ रुपए कैश बरामद हुआ था।

# तिरुपति मंदिर में नहीं दिखेगा गैर-हिंदू स्टॉफ

» देवस्थानम बोर्ड ने लिया बड़ा का फैसला



**तिरुमाला, 19 नवम्बर 2024 (ए)।** तिरुपति देवस्थानम ट्रस्ट बोर्ड की पहली बैठक में कई अहम फैसले लिए गए हैं। इनमें सबसे बड़ा प्रस्ताव यह था कि तिरुपति देवस्थानम में कार्यरत गैर-हिंदू कर्मचारियों से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने या आंध्र प्रदेश के अन्य सरकारी विभागों में तबादले का ऑप्शन दिया जाएगा। साथ ही प्रसादी लड्डू विवाद के बाद बोर्ड ने बेहतर क्वालिटी का घी इस्तेमाल करने के लिए जरूरी निर्देश दिए हैं।

### टीटीडी की बैठक के अहम फैसले

✦ **गैर-हिंदू कर्मचारियों पर निर्णयः-** ट्रस्ट बोर्ड ने राज्य सरकार को पत्र लिखकर तिरुमाला में गैर-हिंदू कर्मचारियों के मुद्दे पर उचित कदम उठाने का अनुरोध किया। यह कदम करीब 7000 स्थायी कर्मचारियों में से 300 को प्रभावित कर सकता है।

✦ **राजनीतिक बयानों पर प्रतिबंधः-** तिरुमाला में राजनीतिक बयान देने और उनके प्रचार-प्रसार पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया। इसका उल्लंघन करने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

✦ **दर्शन के समय में कटौतीः-** श्री वेंकटेश्वर मंदिर में दर्शन के लिए प्रतीक्षा अवधि (वेटिंग पीरियड) को 30 घंटे से घटाकर 2-3 घंटे करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ढ्ढ) और अन्य उन्नत तकनीकों का इस्तेमाल करने का निर्णय लिया गया।

✦ **तिरुपति निवासियों के लिए खास दर्शनः-** तिरुपति के निवासियों को हर महीने के पहले मंगलवार को स्पेशल दर्शन का मौका दिया जाएगा।

✦ **लड्डू की गुणवत्ता में सुधारः-** श्रीवारी लड्डू की गुणवत्ता में सुधार के लिए बढ़िया क्वालिटी वाला घी इस्तेमाल करने का निर्देश दिया गया है। पिछले दिनों प्रसादी लड्डू की गुणवत्ता सवालों के घेरे में थी।

✦ **टीटीडी बोर्ड फंड सिक्योरिटीः-** टीटीडी बोर्ड की अगली बैठक में ट्रस्ट के फंड को निजी बैंकों से हटाकर राष्ट्रीयकृत बैंकों में स्थानांतरित करने पर फैसला हो सकता है।

### विशाखा शारदा पीठम मठ का पट्टा रद्द

एक एक्सपर्ट कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर मठ के पट्टे को कैंसिल करने का फैसला लिया गया, क्योंकि उसने टीटीडी के नियमों का उल्लंघन किया था। यह निर्णय तिरुमाला के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को बनाए रखने और सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने के उद्देश्य से लिए गए हैं। दर्शन की व्यवस्था को बेहतर बनाना और परंपराओं का सम्मान सुनिश्चित करना ट्रस्ट के प्राथमिक उद्देश्य हैं।

# पहली बार एलन मस्क के रॉकेट से इसरो का सैटेलाइट जीसैट-एन2 लॉन्च

» इससे हाई स्पीड ब्रॉडबैंड इंटरनेट कनेक्टिविटी मिलेगी



**नई दिल्ली, 19 नवम्बर 2024 (ए)।** दुनिया के दिग्गज कारोबारी एलन मस्क की स्पेसएक्स कंपनी ने 18 नवंबर की आधी रात को फाल्कन 9 रॉकेट से भारत के जीसैट-एन2 संचार सैटेलाइट को लॉन्च किया। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने पहली बार अमेरिकी कारोबारी की कंपनी की मदद से अपना कम्युनिकेशन सैटेलाइट अंतरिक्ष में भेजा है। यह सैटेलाइट हाई स्पीड ब्रॉडबैंड इंटरनेट कनेक्टिविटी और डिजिटल वीडियो-ऑडियो ट्रांसमिशन उपलब्ध कराएगा। इससे दूरदराज के इलाकों में ब्रॉडबैंड सर्विस मिलेगी। साथ ही, फ्लाइट में पैसेंजरों को इंटरनेट की सुविधा भी मिल पाएगी।

भारत के सबसे आधुनिक संचार उपग्रह जीसैट-एन2 का जीवनकाल 14 साल का है। 4700 किलोग्राम वजन वाले इस सैटेलाइट को अमेरिका के फ्लोरिडा के केप कैनावेरल में स्पेस कॉम्प्लेक्स 40 से लॉन्च किया गया। 4700 किलोग्राम का यह उपग्रह भारतीय रॉकेटों के लिए बहुत भारी था, इसलिए इसे विदेशी वाणिज्यिक प्रक्षेपण के लिए भेजा गया। भारत का अपना रॉकेट 'द बाहुबली' या लॉन्च व्हीकल मार्क-3 अधिकतम 4000 से 4100 किलोग्राम तक के वजन को अंतरिक्ष कक्षा में ले जा सकता था। जीसैट-एन2 को सरकारी स्वामित्व वाली न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) ने विकसित किया है।

इसरो के कमर्शियल सेग्मेंट न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड ने एलन मस्क के स्पेसएक्स के साथ अपने पहले सहयोग का ऐलान किया था। भारत ने कथित तौर पर 430 से ज्यादा विदेशी उपग्रहों को लॉन्च किया था, लेकिन यह उपग्रह इतना भारी था कि इंडियन लॉन्च वेहिकल इसे स्पेस में ले जाने में असमर्थ था। इस वजह से इसरो को स्पेसएक्स के साथ साझेदारी करनी पड़ी।

# संक्रमित गाजर का कहर



» एक की मौत,कई बीमार,

» 18 राज्यों से गाजर वापस मंगाई गई

**नई दिल्ली, 19 नवम्बर 2024 (ए)।** अगर आप गाजर का सेवन सलाद या सब्जी के रूप में करते हैं, तो सतर्क हो जाइए। अमेरिका में संक्रमित गाजर खाने से कई लोग बीमार हो गए हैं और एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है। इस स्थिति को देखते हुए ग्रिमवे फार्म्स ने ऑर्गेनिक और छोटी गाजरों को वापस मंगाने का फैसला किया है। ये गाजर ई. कॉली बैक्टीरिया से संक्रमित पाई गई थीं।

### 39 मामले,15 अस्पताल में भर्ती

अमेरिका के सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रीवेंशन (सीडीसी) के अनुसार, अब तक 18 राज्यों से 39 संक्रमण के मामले सामने आए हैं, जिनमें 15 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। ग्रिमवे फार्म्स ने इन गाजरों को ट्रेडर जोस, होल फूड्स 365, टारगेट्स गुड एंड गेदर, वॉलमार्ट्स मार्केटसाइड और वेगमैन्स जैसे बड़े सुपर मार्केट्स को सप्लाई किया था।

### ग्रिमवे फार्म्स की चेतावनी

ग्रिमवे फार्म्स ने बताया कि ई. कॉली बैक्टीरिया से संक्रमित गाजर विशेष रूप से छोटे बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर इम्यून सिस्टम वाले लोगों के लिए खतरनाक हो सकती हैं। संक्रमण से उबरने में 24 घंटे से लेकर 10 दिन तक का समय लग सकता है।

सीडीसी ने कहा है कि संक्रमित गाजर अब शायद स्टोर्स में उपलब्ध नहीं होंगी, लेकिन यदि घरों में ये रखी हैं, तो इन्हें फेंक दें या स्टोर में लौटाकर पैसे वापस लें। संक्रमित गाजरों का सेवन न्यूयॉर्क, मिनेसोटा, वाशिंगटन, कैलिफोर्निया और ओरेगॉन में अधिकतर मामलों का कारण बना है।

## मुंबई की एक अदालत ने कांग्रेस नेता और सांसद राहुल गांधी को स्वयं उपस्थित होने का आदेश जारी किया है

**मुंबई, 19 नवम्बर 2024 (ए)।** पुणे की एक अदालत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को हिंदुत्व विचारक विनायक दामोदर सावरकर के पोते द्वारा उनके (गांधी के) खिलाफ दायर मानहानि की शिकायत के संबंध में दो दिसंबर को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया है। सत्यकी सावरकर ने बीते साल अप्रैल में कांग्रेस सांसद के खिलाफ मजिस्ट्रेट का सामने शिकायत दर्ज कराई थी। सत्यकी की पुणे की एक अदालत में दर्ज शिकायत में दावा किया गया था कि गांधी ने मार्च 2023 में लंदन में अपने संबोधन में कहा था कि सावरकर ने एक किताब में लिखा है कि उन्होंने और उनके पांच-छह दोस्तों ने एक बार एक मुस्लिम व्यक्ति की पिटाई की थी और उन्हें (सावरकर को) खुशी हुई थी। याचिका के अनुसार,




सावरकर ने ऐसा कहीं नहीं लिखा है।

अदालत ने पुलिस को आरोपों की जांच कर रिपोर्ट दाखिल करने को कहा था। विश्रामबाग थाने ने जांच की और कहा कि शिकायत में प्रथम दृष्टया सच्चाई है। न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) अमोल शिंदे की अध्यक्षता वाली एमपी/एमएलए की विशेष अदालत ने चार अक्टूबर को गांधी को समन जारी कर 23 अक्टूबर को पेश होने को कहा था। हालांकि, गांधी पेश नहीं हुए, क्योंकि बताया गया कि उन्हें समन प्राप्त नहीं हुआ है। याचिकाकर्ता सत्यकी सावरकर के वकील संग्राम कोल्हटकर ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि उन्होंने सोमवार को अदालत से अनुरोध किया था कि गांधी को अदालत में पेश होने के लिए समन जारी किया जाए।



# पेरिस से दिल्ली आ रही फ्लाइट को जयपुर में ही छोड़कर भाग गए पायलट

» पूछने पर कहा ड्यूटी टाइम पूरा हो गया

» एयरपोर्ट पर 9 घंटे तक फंसे रहे यात्री

**जयपुर, 19 नवम्बर 2024 (ए)।** आपने कभी सुना है कि पायलट अपना ड्यूटी टाइम पूरा होने के बाद फ्लाइट को बीच में छोड़कर चले गए। जी हां, पेरिस से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की इंटरनेशनल फ्लाइट से यह हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जिसके बाद नाराज यात्रियों ने एयरपोर्ट पर हंगामा किया और वैकल्पिक फ्लाइट की मांग की।पेरिस से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की इंटरनेशनल फ्लाइट में सोमवार को एक अजीब स्थिति पैदा हो गई, जब पायलट अपना ड्यूटी टाइम पूरा होने के चलते फ्लाइट जयपुर में ही छोड़कर चले गए। पायलट का कहना था कि उनके ड्यूटी आवर्स पूरे हो गए हैं। फ्लाइट में सवार 180 से ज्यादा पैसेंजर्स 9 घंटे तक जयपुर एयरपोर्ट पर परेशान होते रहे। इसके बाद में उन्हें सड़क मार्ग से दिल्ली भेजा गया।

CMYK

## संपादकीय

# मणिपुर के सुलगते हालात

अफसोसनाक है कि इतनी लंबी अवधि में मणिपुर के सुलगते हालात को संभालने की कोई गंभीर कोशिश नहीं हुई है। मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह और उनकी सरकार की तमाम नाकामियों के बावजूद उन्हें केंद्र का संरक्षण मिला रहा है।मणिपुर में हफ्ते भर के अंदर जैसी हिंसा हुई है, उनसे यह सहज सवाल उठता है कि क्या इस राज्य पर किसी का नियंत्रण नहीं है? वारदात ने जैसा मोड़ लिया है, उससे भविष्य के लिए गहरी आशंकाएं पैदा होती हैं।सोमवार को कुछ उग्रवादियों ने जिरीबाम जिले के जाकुरोदोर कारोंग में पुलिस थाने पर अंधाधुंध फायरिंग की। सुरक्षा बलों की वर्दी में आए इन उग्रवादियों ने एक सीआरपीएफ कैंप पर भी निशाना साधा। साथ ही उग्रवादियों ने पास के मार्केट में गोलीबारी की, कई दुकानों को जला डाला और कुछ मकानों को भी निशाना बनाया। उसके बाद सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की।उनके मुताबिक उनकी कार्रवाई में दस उग्रवादी मारे गए। जबकि कुकी-जो काउंसिल का दावा है कि मारे गए लोग ग्रामीण स्वयंसेवक थे।हमार स्टूडेंट्स एसोसिएशन ने दावा किया है कि 11 हमार ग्रामीण स्वयंसेवकों को मार डाला गया है। कुकी-जो काउंसिल ने उस इलाके में मंगलवार को दिन भर के बंद का आह्वान किया है। साफ है, स्थिति सुलगी हुई है। पिछले हफ्ते जैरोन गांव में कुकी उग्रवादियों के हमले में एक महिला की जान गई थी और कई घर जला डाले गए थे। गौरतलब है कि इम्फाल घाटी में जारी हिंसा से लगभग साल भर तक जिरीबाम जिला अछूता रहा था।लेकिन गुजरे जून में एक किसान का शव मिलने के बाद से यह भी चपेट में आ चुका है। सबसे अफसोसनाक है कि इतनी लंबी अवधि में मणिपुर के सुलगते हालात को संभालने की कोई गंभीर कोशिश नहीं हुई है। मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह और उनकी सरकार की तमाम संदिग्ध भूमिकाओं के बावजूद उन्हें केंद्र का संरक्षण मिला रहा है।पिछले लोकसभा चुनाव में राज्य की दोनों सीटों पर सत्ताधारी दल को पराजित कर जनता ने जो संदेश दिया, उससे भी सुनने या समझने का प्रयास केंद्रीय नेतृत्व ने नहीं किया।इससे धारणा बनी है कि मणिपुर के ताजा हालत सिर्फ प्रशासनिक नाकामी और अकुशलता का परिणाम नहीं हैं। शक गहराया है कि इसके पीछे अवांछित राजनीति की भूमिका भी हो सकती है। इसके हानिकारक परिणाम हमारे सामने हैं। उधर स्थितियां और भी खतरनाक मोड़ लेती दिख रही हैं।

# कांग्रेस की वास्तविक मंशा हुई जाहिर

भाजपा के पूर्व सांसद श्री किरीट सोमैया ने मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके यह आंकड़ा प्रस्तुत किया कि अगर इसी तरह चलता रहा तो सिर्फ 26 साल के बाद 2050 तक देश की वित्तीय राजधानी मुंबई में हिंदू आबादी महज 54 फीसदी रह जाएगी। टाटा इंस्टीच्यूट ऑफ सोशल साइसेंज की एक रिपोर्ट के मुताबिक 1961 की जनगणना के मुताबिक तब के बॉम्बे में हिंदू आबादी 88 फीसदी थी, जो 2011 की जनगणना में घट कर 66 फीसदी हो गई।चाहे जिस कारण से या जिस नारे की वजह से हुआ हो लेकिन यह वास्तविकता है कि महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा का चुनाव हिंदू एकजुटता और देश की एकता व अखंडता के मुद्दे पर केंद्रित हो गया है। भाजपा विरोधी पार्टियों और कुछ सहयोगियों ने भी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के दो नारों का इतनी बार जिक्र किया या इतनी तरह से व्याख्या कर दी कि आम लोगों के दिल दिमाग में यह बात बैठ गई कि अगर एक नहीं रहे तो आने वाले समय में मुश्किल होगी। उनको यह बात समझ में आई है कि देश की जनसंख्या संरचना बदल रही है, कई राज्यों में हिंदू पहले ही अल्पसंख्यक हो गए हैं, कई राज्यों में अल्पसंख्यक होने की ओर बढ़ रहे हैं, घुसपैठ की वजह से राज्यों में आदिवासी व दलित आबादी तेजी से घट रही है, व्यापक पैमाने पर धर्मांतरण हो रहा है और चुनाव का असली प्रश्न रोटी, बेटी और माटी' का है। इस क्रम में कांग्रेस और जेएमएम जैसी घनघोर तुष्टिकरण करने वाली पार्टियों के साथ साथ श्री उद्धव ठाकरे की राजनीति भी एक्सपोज हो गई है।कांग्रेस अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खडगे़ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के नारे बंटेंगे तो कटेंगे' का विरोध करते हुए इतने भवावेश में आ गए कि उन्होंने कह दिया कि यह साधु की नहीं, बल्कि आतंकी की भाषा हो सकती है। उनका यह बयान इतना तल्ख और संदर्भ से बाहर का था कि मुख्यमंत्री को भी उसी अंदाज में प्रतिक्रिया देनी पड़ी। उन्होंने पूछा कि मल्लिकार्जुन खडगे़ बार बार कहते हैं कि जब वे छोटे थे तभी उनकी मां और बहन सहित परिवार के कुछ दूसरे सदस्यों को जला कर मार दिया गया था। लेकिन आज तक उन्होंने बताया नहीं कि किसने उनकी मां को जलाया था। यह बड़ा सवाल है, जिससे इतिहास के एक ऐसे अध्याय का खुलासा होता है, जो देश और समाज के माथे पर कलंक की तरह है? असल में हैदराबाद निजाम के सेना में शामिल रजाकारों ने उनकी मां और बहन को जला कर मार डाला था। खडगे़ के बेटे और कर्नाटक सरकार के मंत्री प्रियंका खडगे़ ने इशारों इशारों में एक बार इसका जिक्र किया था। असल में देश की आजादी तय होने के बाद हैदराबाद के निजाम ने भारत में शामिल होने से इनकार कर दिया था। उस समय रजाकारों ने वहां की हिंदू आबादी पर और खास कर दलितों पर बड़े अत्याचार किए थे। वे जोर जबरदस्ती दलितों को इस्लाम अपनाने के लिए बाध्य कर रहे थे। लेकिन खडगे़ की मां और परिवार के दूसरे सदस्य बहादुर थे, जिन्होंने मर जाना कबूल किया लेकिन इस्लाम नहीं अपनाया। क्या दलितों पर मुस्लिम अत्याचार का यह अध्याय आम लोगों के सामने नहीं आना चाहिए? लेकिन तुष्टिकरण की राजनीति के चलते इतिहास के इस काले अध्याय को और खडगे़ के परिवार की महिलाओं के शौर्य की कहानियों को सामने नहीं आने दिया गया। अच्छा हुआ, जो खडगे़ ने श्री योगी आदित्यनाथ के नारे पर सवाल उठाया और उनके परिवार के इतिहास के बहाने एक भयावह सचाई देश के लोगों के सामने आई।प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने पांच अक्टूबर को महाराष्ट्र में एक नारा दिया एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे'। इसके बाद कई ऐसे तथ्य सामने आए, जिनसे पता चलता है कि एक नहीं रहना समूचे हिंदू समाज के लिए और व्यापक रूप से भारत की एकता व अखंडता के लिए कितना बड़ा खतरा बन सकता है। भाजपा के पूर्व सांसद श्री किरीट सोमैया ने मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके यह आंकड़ा प्रस्तुत किया कि अगर इसी तरह चलता रहा तो सिर्फ 26 साल के बाद 2050 तक देश की वित्तीय राजधानी मुंबई में हिंदू आबादी महज 54 फीसदी रह जाएगी।



-एस. सुनील-

प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत के विरुद्ध,संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन

# बुलडोजर न्याय:प्रशासनिक दक्षता और संवैधानिक अधिकारों के बीच टकराव



डॉ सत्यवान सौरभ
बड़वा (सिवानी)
भिवानी,हरियाणा

*हाल ही में, सर्वोच्च न्यायालय ने संविधान के अनुच्छेद 142 के अंतर्गत संपत्ति के विध्वंस के लिए दिशा-निर्देश स्थापित किए, जिसमें व्यक्तिगत नोटिस जारी करना और अपील के लिए पर्याप्त समय प्रदान करना अनिवार्य किया गया। न्यायालय ने बुलडोजर न्याय के मुद्दे पर प्रकाश डाला, तथा अपने हालिया निर्णय में इसे कानून के शासन के अंतर्गत अस्वीकार्य माना। संपत्ति और विध्वंस अधिकारों पर नागरिकों को शिक्षित करने से समुदायों को अवैध कार्यों का विरोध करने और उचित प्रक्रिया की मांग करने में मदद मिलती है। महाराष्ट्र में स्थानीय गैर सरकारी संगठनों द्वारा की गई पहल कानूनी परामर्श प्रदान करती है,जिससे परिवार अनुचित विध्वंस का विरोध कर सकते हैं। जवाबदेही ढांचे को लागू करने से यह सुनिश्चित होता है कि उचित प्रक्रिया को दरकिनार करने वाले अधिकारियों को ज़िम्मेदार ठहराया जाए,जिससे शासन में विश्वास बढ़ता है। विध्वंस की निगरानी के लिए लोकपाल की स्थापना से दुरुपयोग को रोका जा सकता है और निष्पक्षता को बढ़ावा मिल सकता है।*



बुलडोजर न्याय अक्सर उचित नोटिस या बचाव का मौका जैसी कानूनी प्रक्रियाओं को दरकिनार कर देता है, जो संविधान में निहित निष्पक्ष सुनवाई के अधिकार को चुनौती देता है। हाल ही में हुए विध्वंस में, परिवारों को न्यूनतम नोटिस दिया गया, जो अनुच्छेद 21 का उल्लंघन है जो जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार की रक्षा करता है। यह प्रथा निर्दोषता की धारणा का खंडन करती है, जहाँ व्यक्तियों को बिना किसी परीक्षण या दोषसिद्धि के दोषी माना जाता है, जो कानून के शासन का उल्लंघन है। उत्तर प्रदेश में, बिना किसी ठोस सबूत के केवल आरोपों के आधार पर संपत्तियों को ध्वस्त कर दिया गया, सबूत के कानूनी मानकों की अवहेलना की गई। विध्वंस न केवल अभियुक्तों पर बल्कि परिवारों और समुदायों पर भी प्रभाव डालता है, जो सामूहिक दंड के विरुद्ध सिद्धांत का उल्लंघन करता है। मध्य प्रदेश में, एक सदस्य की कथित संलिप्तता के कारण विध्वंस ने परिवारों को बेघर कर दिया, जिससे निर्दोष आश्रित प्रभावित हुए। बुलडोजर न्याय कार्यकारी और न्यायिक भूमिकाओं को धुंधला कर देता है, क्योंकि प्रशासनिक निकाय अनुच्छेद 50 का उल्लंघन करने वाले न्यायालयों के लिए दंड निष्पादित करते हैं। न्यायालय के निर्देशों के बिना संपत्तियों को ध्वस्त करना अधिकारियों को उनके दायरे से बाहर काम करते हुए दिखाता है, जो न्यायपालिका की भूमिका का उल्लंघन करता है।

जैसा कि सर्वोच्च न्यायालय ने उजागर किया है, उचित नोटिस या सुनवाई का अभाव प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन करता है, जिससे उन्हें बचाव का कोई अवसर नहीं मिलता। बुलडोजर न्याय प्रशासनिक दक्षता और अतिक्रमणों पर त्वरित कार्यवाही को बनाए रखता है। अनधिकृत संरचनाओं के त्वरित विध्वंस से शहरी विकास में देरी ख़त्म होती है और भूमि प्रबंधन प्रक्रियाएँ सुव्यवस्थित होती हैं। दिल्ली (2023) में, जहाँगीरपुरी जैसे क्षेत्रों में विध्वंस अभियान का उद्देश्य अवैध निर्माण की रिपोर्ट सामने आने के बाद सार्वजनिक स्थानों को जल्दी से पुनः प्राप्त करना था, जिससे शहरी विकास परियोजनाओं का सुचारू कार्यान्वयन सुनिश्चित हो सके। अवैध निर्माण के तत्काल परिणाम एक शक्तिशाली चेतावनी के रूप में कार्य करते हैं, जो भविष्य में उल्लंघन को हतोत्साहित करते हैं। अतिक्रमित क्षेत्रों का तेजी से पुनर्ग्रहण उनके उचित उपयोग को सुनिश्चित करता है, जिससे बेहतर शहरी शासन और सार्वजनिक उपयोगिता में योगदान मिलता है। निर्णायक कार्यवाही राज्य की कानूनों को बनाए रखने की क्षमता को मज़बूत करती है, जिससे शासन में जनता का विश्वास बढ़ता है। लंबे समय तक चलने वाली कानूनी और नौकरशाही देरी को दरकिनार करके, यह लागत को कम करता है और भूमि विवादों के समाधान में तेजी लाता है। दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन (2023) की तैयारियों के दौरान, क्षेत्र को सुंदर बनाने और सुरक्षा बढ़ाने के लिए प्रमुख स्थलों के पास से अतिक्रमण को तेजी से हटाया गया, जिससे अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के लिए प्रभावी संसाधन प्रबंधन का प्रदर्शन हुआ।

जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन- उचित प्रक्रिया के बिना तोड़फोड़ अनुच्छेद 21 का उल्लंघन करती है, जो आश्रय के अधिकार सहित जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की गारंटी देता है। ओल्गा टेलिस बनाम बॉम्बे म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन में, सुप्रीम कोर्ट ने फ़ैसला सुनाया कि आवास अधिकार जीवन के अधिकार का अभिन्न अंग हैं, हाल ही में हुई तोड़फोड़ में इस सिद्धांत का उल्लंघन किया गया। विध्वंस नीतियों को लागू करने में एकरूपता की कमी प्रक्रियात्मक मनमानी को जन्म देती है, जो संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन करती है। पूजा स्थलों या सांस्कृतिक महत्त्व के स्थलों को नष्ट करना, धर्म का पालन करने और प्रचार करने की स्वतंत्रता का उल्लंघन कर सकता है (अनुच्छेद 25-30)। कानूनी नोटिस या सुनवाई के बिना मनमाने ढंग से किए गए विध्वंस व्यक्ति के संपत्ति रखने और उसका आनंद लेने के अधिकार को कमजोर करते हैं। संविधान में यह अनिवार्य किया गया है कि किसी भी व्यक्ति को कानून के अधिकार के अलावा उसकी संपत्ति से वंचित नहीं किया जाएगा। कार्यकर्ताओं, पत्रकारों आदि के खिलाफ दंडात्मक उपायों के रूप में इस्तेमाल किए जाने पर विध्वंस अभियान असहमति पर भयावह प्रभाव डालते हैं। संपत्ति और विध्वंस अधिकारों पर नागरिकों को शिक्षित करने से समुदायों को अवैध कार्यों का विरोध करने और उचित प्रक्रिया की मांग करने में मदद मिलती है। महाराष्ट्र में स्थानीय गैर सरकारी संगठनों द्वारा की गई पहल कानूनी परामर्श प्रदान करती है, जिससे परिवार अनुचित विध्वंस का विरोध कर सकते हैं। जवाबदेही ढांचे को लागू करने से यह सुनिश्चित होता है कि उचित प्रक्रिया को दरकिनार करने वाले अधिकारियों को ज़िम्मेदार ठहराया जाए, जिससे शासन में विश्वास बढ़ता है। विध्वंस की निगरानी के लिए लोकपाल की स्थापना से दुरुपयोग को रोका जा सकता है और निष्पक्षता को बढ़ावा मिल सकता है। पूर्व सूचना, न्यायिक समीक्षा और अपील समय के लिए प्रोटोकॉल विकसित करना नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करता है। 15-दिन की नोटिस अवधि को अनिवार्य करने वाले सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देश पारदर्शिता सुनिश्चित करते हैं और मनमाने ढंग से किए जाने वाले विध्वंस से बचाते हैं। प्रभावित परिवारों के लिए वैकल्पिक आवास या मुआवजा प्रदान करना प्रशासनिक कार्यों को सामाजिक न्याय सिद्धांतों के साथ जोड़ता है। दिल्ली में, अतिक्रमण हटाने के दौरान विस्थापित परिवारों के पुनर्वास ने आश्रय के अधिकारों को बरकरार रखा। निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए विध्वंस की निगरानी भेदभाव सम्बंधी चिंताओं को दूर करती है और वैध, न्यायसंगत कार्यवाही को लागू करती है। यूपी में स्वतंत्र ऑडिट टीमें कानूनी दिशानिर्देशों के अनुपालन की पुष्टि करने और पक्षपातपूर्ण लक्ष्यीकरण को रोकने के लिए विध्वंस का आकलन करती हैं। बुलडोजर न्याय प्रशासनिक दक्षता और संवैधानिक अधिकारों के बीच जटिल संतुलन को उजागर करता है। कानूनी सुरक्षा, पारदर्शी प्रोटोकॉल और जवाबदेही सुनिश्चित करके, भारत ऐसे शासन को बढ़ावा दे सकता है जो कानून के शासन और मानव गरिमा का सम्मान करता हो, लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ संरेखित हो और प्रभावी प्रशासन को सक्षम बनाता हो।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

विश्व बाल दिवस पर विशेष आलेख

# बाल साहित्य कैसा हो...



मईनुदीन कोहरी
बीकानेर,राजस्थान

सौभाग्य की बात है कि बाल साहित्य का सृजन आजकल बहुत ही होने लगा है पर अफसोस यह है कि बालकों तक यह साहित्य पहुंच पाता है या नही । बाल साहित्य आजकल सभी भाषाओं में लिखा जाने लगा है साथ ही बाल साहित्य की आवश्यकता को भी अंगीकार किया जाने लगा है। बाल मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि बालकों के बौद्धिक व चारितित्रिक विकास में स्वस्थ व उत्तम साहित्य की नितान्त आवश्यकता है ।

आम तौर पर ऐसा साहित्य जो मात्र बच्चों को केंद्र में रख कर लिखा जावे व बच्चों की आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए पू लिखा जाय तब ही ऐसा साहित्य ही वास्तव में बाल साहित्य की श्रेणी में सही माना जा सकता है । ऐसा साहित्य ज्ञानवर्धन के साथ साथ कल्पना शक्ति को भी बढ़ावा देता है ।

अब प्रश्न ये उठता है कि बाल साहित्य कैसा हो ? इस बारे में अधिकतर बाल सर्जकों की राय है कि बालकों में अच्छे संस्कार ,मानवीय मूल्य व नैतिक आचरण पैदा करने वाला साहित्य हो जो बच्चों की रुचि, आदत, आवश्यकता व विचारों को केंद्र में रख कर लिखा साहित्य ही बच्चों के ज्ञानवर्धन में सहायक होता है , तथा इसे बालक रुचि से ग्रहण कर सके। बाल साहित्य कैसा हो ? इस बारे में सर्जन कर्ताओं, मनोवैज्ञानिकों विविध विद्वानों के अपने-अपने विचार है कि बाल साहित्य रोचक एवं प्रेरक हो । कुछ लोगों का कहना है कि बालकों की बात को बालकों की भाषा मे लिखने से बालक जल्दी ग्रहण करता है । लेखक को बाल साहित्य लिखते समय बालक बन कर ही बाल मन के अनुसार लिखे तो वह बालक जल्दी ग्रहण कर लेता है ।

बाल साहित्य बालकों की जिज्ञासा को शांत कर तथा रुचियों में इजाफ़ा करे व अच्छे संस्कारों का निर्माण करे वही श्रेष्ठ बालोपयोगी होता है । ज्यादातर लोगों का मानना है कि सरल,सहज व समझ आने वाला साहित्य हो जो साथ ही सामाजिक तथ्यों को प्रतिपादित करने वाला भी हो । अधिकांश सृजनकर्ताओं का कहना है कि बाल साहित्य बालकों का मनोरंजन कर सके तथा मनोभावों , जिज्ञासाओं व कल्पनाओं के अनुरूप हो जिससे बालकों में आनन्द की अनुभूति हो व बालकों के सर्वांगीण विकास में सहायक हो ।विश्व कवि रवीन्द्रनाथ टैगोर के शब्दों में बालकों का अर्धचेतन पेड़ों की तरह सक्रिय होता है। जैसे पेड़ में धरती से रस खींचने की शक्ति होती है वैसे ही बच्चों के मन मे अपने चारों ओर के वातावरण से जरूरी खाद्य प्राप्त करने की क्षमता होती है ÷ । कुल मिलाकर बाल साहित्य बाल मनोविज्ञान को प्रतिबिंम्बित करने वाला व बालकों के व्यक्तितत्व का चहुंमुखी विकास करने वाला हो । बाल मन कोमल होता है अतः बाल साहित्य का सृजन करते समय सावधानी रखनी चाहिए , जिससे बालक का सन्तुलित विकास हो क्योंकि बच्चों का संसार बड़ों के संसार से सर्वथा भिन्न होता है ।बाल साहित्य का सृजन करते वक्त बालकों की रुचि, उनकी योग्यताएं , उम्र एवं प्रतिभा को भी ध्यान में रखना नितान्त आवश्यक है ।




बाल साहित्य बालक के मानसिक धरातल पर उसकी भावनाओं के स्तर के अनुरूप ही रचनाओं का रचाव किया जाना असरदार होता है । बाल साहित्य लिखते समय रचनाकार को अतीत का स्मरण व वर्तमान की समझ हो तथा भविष्य की जिज्ञासा भी हो । बाल साहित्य आत्मविश्वास भर सके तथा बालक भी स्वयं प्रेरित हो व नवीन चेतना को स्वतः स्फुरित करने वाला हो। हमारी संस्कृति की परंपरा को सुरक्षित रखने व बालक मे पुरुषार्थ का महत्व जगाने में भी मददगार हो । बालक को बालक के स्तर का साहित्य उपलब्द्ध कराए ताकि बालक समय परिस्थितियों का मुकाबला कर सके। आज का बालक क्या चाहता है ? सर्जन कर्ता को सर्जन करते समय सोचना होगा कि ग्लोबलाइजेशन के इस दौर में जहां बालक के सामने सारे गैजेट्स खिलौनों की तरह पड़े हैं, शहरीकरण तेजी से गांवों की ओर कदम बढ़ा रहा है। आज का बालक विज्ञान के उन सभी साधनों जैसे टी वी के चैनल ,मोबाइल व ईन्टरनैट से अपड़ैट है तो ऐसे में बाल साहित्य का स्वरूप ,बाल साहित्य की सोच ,उनकी मन स्थिति और उनके चिन्तन को ध्यान में रखते हुए साहित्य सृजन होना चाहिये । आज बाल साहित्य की विषय वस्तु समय के साथ साथ निरन्तर बदल रही है । आज का बालक अब उन परम्परा गत संसाधनों से हट कर ई मेल, वाट्सअप , वायरस , ब्लॉग , फेसबुक , पैन ड्राइव , लैपटाप , टेबलेट ,कम्प्यूटर व बुलेट ट्रेन आदि में ज्यादा विश्वास करने लगा है।अब आज का बालक गुड्डे -गुड्डी से हट कर साहित्य चाहता है । आज के बालक की सोच परिपक्व हो चुकी है इसलिए रचना कर्मियों को बाल साहित्य का सृजन करते समय विषय वस्तु ,पात्र , स्थान व बालको की मानसिकता के अनुरूप ही साहित्य सृजन करना होगा । आज बाल साहित्य लिखा तो जा रहा है पर बालकों तक पहुंच नही पा रहा है। अब बालकों को कैसे साहित्य परोसे जाएं ? इस पर गहन मनोवैज्ञानिक सोच की आवश्यकता है ।

बाल साहित्य का अब भविष्य उज्ज्वल है राजस्थान के साहित्यकारों की सक्रियता व बाल साहित्य को ज्यादा महत्व देने के उद्देश्य से अपनी मांग तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत के समक्ष बाल साहित्य अकेडमी के गठन की रखी , सरकार ने बाल साहित्य एकेडमी की घोषणा की जिससे बालकों को स्वस्थ बाल सर्जन व उपयोगी साहित्य सर्जन होने से बाल साहित्यकारों के मान सम्मान में इजाफा होगा । इस एकेडमी के बनने से बाल साहित्य का भविष्य उज्ज्वल है ,योग्य बाल साहित्यकारों से एकेडमी सुशोभित होगी और इससे बाल साहित्य की पोथियां आने वाले समय मे हर बालक -बालिका के हाथ मे होगी। ऐसा हुआ भी व वातावरण नज़र आने लगा । आज सभी अकादमियों में नवोदित/युवा साहित्यकारों को पोषित करने का कार्य हो रहा हैं। आज विश्व बाल दिवस के अवसर पर हमारे देश की केंद्र सरकार व राज्य सरकारों से भी आग्रह है कि हमारे नन्हे मुन्ने नौनिहालों के लिए आधुनिक तकनीक से सुसंस्कारी साहित्य लेखन की दिशा में कार्य योजना बनाने के लिए अकादमियों का गठन तुरंत किया जाए तथा अकादमियों को प्रयाप्त बजट मुहैया कराया जाए। आशा है बाल साहित्य जगत को समृद्ध साहित्य प्रदान करने की दिशा में साहित्यकार ,सरकार व प्रशासन को चाहिए कि बाल साहित्य से जुड़े सभी संगठन / संस्थाएं में आपसी समन्वय रखते हुए उच्च स्तर का साहित्य सुदूर तक बैठे बालकों के हाथों तक पहुंच सके व बाल गोपाल संस्कारित हो ऐसी कामना के साथ ।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# ओपिनियन और एक्जिट पोल सब गलत साबित हुए

सोशल मीडिया में लगभग सन्नाटा है। यूट्यूब चैनल्स पर भी कोई खास शोर-शराबा नहीं है। मीडिया समूहों ने अपने चैनलों पर झारखंड विधानसभा के लिए पहले चरण के मतदान के बाद ओपिनियन पोल्स प्रसारित किए लेकिन किसी ने उन पर ध्यान नहीं दिया और न किसी ने उनको गंभीरता से लिया। चुनाव पूर्व सर्वेक्षणों के आधार पर कोई भी पार्टी जीत का दावा भी नहीं कर रही है। मीडिया समूह खुद ही अपने सर्वेक्षण को लेकर भरोसे में नहीं हैं।




सबसे दिलचस्प यह है कि लोकसभा चुनाव के समय तक जो ओपिनियन और एक्जिट पोल में जो बड़े नाम माने जाते थे वे तस्वीर से बाहर हो गए हैं। असल में लोकसभा चुनाव और उसके बाद हरियाणा विधानसभा चुनाव ने तमाम सर्वे एजेंसियों, मीडिया समूहों, सोशल मीडिया के योद्धाओं और यूट्यूब चैनल्स के पक्षपाती व अपेक्षाकृत निष्पक्ष पत्रकारों को भी गलत साबित कर दिया। किसी को समझ में नहीं आया कि आखिर क्या हुआ।चार महीने में दूसरी बार ज्यादातर मीडिया समूह, सर्वे एजेंसियां और सोशल मीडिया के राजनीतिक विश्लेषक गलत साबित हुए। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव में ज्यादातर मीडिया समूहों और सर्वे एजेंसियों ने भाजपा की जीत की भविष्यवाणी की थी। कई समूह तो ऐसे थे, जिन्होंने एक्जिट पोल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अबकी बार चार सौ पार' के नारे को साकार होता देखा था। भाजपा को तीन सौ से चार या उससे भी ज्यादा सीटें मिलने की भविष्यवाणी की जा रही थी। हालांकि नया इंडिया' के इसी गपशप' कॉलम में चार जून के नतीजों से ठीक पहले वाले शनिवार यानी एक जून को संभावित नतीजों की टेबल छपी थी, जिसमें भाजपा को 235 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया था। ओपिनियन और एक्जिट पोल सब गलत साबित हुए। विपक्षी गठबंधन इंडिया' ने 204 सीटें जीत ली और भाजपा 240 सीट पर रह गई। उसके बाद हुए हरियाणा और जम्मू कश्मीर के चुनाव में तमाम सर्वे एजेंसियों और मीडिया समूहों ने सावधानी बरती। फिर भी सब गलत साबित हुए। लगभग सभी सर्वेक्षणों में कांग्रेस को जीतते हुए दिखाया गया था। लेकिन सारी अटकलों को गलत साबित करते हुए भाजपा तीसरी बार जीत गई। उसके बाद दो तरह की प्रतिक्रिया देखने को मिली। एक प्रतिक्रिया में कांग्रेस पर जोरदार हमला हुआ। राहुल गांधी के करीबी नेताओं पर टिकट बेचने और 10 तरह की गड़बड़ी के आरोप लगे। दूसरी प्रतिक्रिया ईवीएम के जरिए भाजपा के जीत जाने की थी।

-हरिशंकर व्यास-

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

## खलिहान में रखा 7 ट्रैक्टर धान जलकर खाक
# किसान को भारी नुकसान



- संवाददाता -
अंबिकापुर,19 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

ग्राम बिनिया में सोमवार की रात खलिहान में रखे धान के बोझे में आग लग गई। आगजनी में 7 ट्रैक्टर धान जलकर खाक हो गया। इससे किसान को भारी नुकसान हुआ है। आगजनी के कारण का पता नहीं चल पाया है।

जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बिनिया निवासी किसान शिव प्रसाद यादव खेत से धान काट कर खलिहान में रखा था। सोमवार की रात करीब 2 बजे खलिहान में अचानक आग लग गई। आगजनी में लगभग 7 ट्रैक्टर धान जलकर खाक हो गया है। इससे किसान को भारी नुकसान हुआ है। किसान शिव प्रसाद का कहना है कि वह धान की खेती कर्ज लेकर किया था। वह धान बेचकर कर्ज चुकाने वाला था। आगजनी की सूचना पर कुन्नी चौकी पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की है। पीड़ित किसान ने असामाजिक तत्वों द्वारा आगजनी की घटना को अंजाम दिए जाने की संभावना जताया है। बताया जा रहा है कि आगजनी की घटना रात करीब दो बजे की है। उस समय सभी अपने-अपने घरों में सो रहे थे। खलिहान के बगल से सडक़ से बोलेरो से विनय, राजू व उमेश नामक व्यक्ति ग्राम पटकुरा जा रहे थे। तभी इन लोगों ने खलिहान में आग लगा देख आस पास के लोगों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद फायर ब्रिगेड की सूचना दी गई। दमकल की टीम सुबह 4 बजे मौके पर पहुंची और आग बुझने की कोशिश की। तब तक 70 से 80 क्विंटल धान जलकर खाक हो गया है। पीड़ित किसान शिव प्रसाद यादव का बेटा ढाई साल से गंभीर बीमारी से ग्रसित है। बीमारी में वह 7 लाख रुपए के कर्ज में डूबा है। इसके अलावा व धान की खेती भी कर्ज लेकर किया था। वह धान बेचकर कर्च चुकाने वाला था। पर खलिहान में रखे सारे धान जल जाने से किसान को भारी नुकसान हुआ है।

# तांत्रिक ने नाबालिग छात्रा को भगाकर की शादी,आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,19 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

अंधविश्वास में पडक़र एक महिला अपनी बीमारी बड़ी बेटी का तांत्रिक के पास झाडफ़ूंक करा रही थी। झाडफ़ूंक के दौरान तांत्रिक ने महिला के छोटी बेटी प्रेम जाल में फंसा लिया। 15 दिन पूर्व स्कूल गई नाबालिग लडक़ी का अपहरण कर भगा कर ले गया और उसके आधार कार्ड व अंक सूची में छेड़छाडक़र उम्र 14 वर्ष की जगह 24 वर्ष कराकर शपथपत्र के माध्यम से शादी कर ली थी। पीड़िता की मां ने मामले की शिकायत कोतवाली में दर्ज कराई थी। पुलिस ने तांत्रिक के कब्जे से नाबिलग लडक़ी को बरामद किया है। आरोपी द्वारा बलात्कार किए जाने की भी बात पीड़िता ने पुलिस को बताई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी मिट्ठू राम रवि है जो बलरामपुर जिले ने ग्राम सिधमा का रहने वाला है। वह बाबा सिधमा धाम में प्रत्येक शनिवार को दरबार लगाकर बड़े से बड़े बीमारी को ठीक करने का दावा करता है। झांसे में पडक़र एक महिला अपनी बीमार बड़ी बेटी का झाडफ़ूंक कराने अक्सर उसे मिट्ठू राम के पास लेकर जाती थी। इस दौरान उसकी छोटी बेटी भी रहती थी। इस दौरान तांत्रिक की नजर महिला के छोटी बेटी पर पड़ गई। इसके बाद महिला अपनी दोनों बेटी को लेकर अंबिकापुर आ गई। नाबालिग बेटी निजी स्कूल में कक्षा 10वीं में पढ़ाई करती है। 15 दिन पहले रोजाना की भांति छात्रा स्कूल जाने निकली थी, लेकिन फिर घर वापस नहीं लौटी। अचानक बेटी के लापता हो जाने से छात्रा के परिजन परेशान हो गए। परिजन कोतवाली थाने में छात्रा की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पूरे मामले में बाबा का हाथ होने की जानकारी तब हुई जब बाबा के मोबाइल से लडक़ी ने खुद परिजनों को जानकारी दी। तांत्रिक ने नाबालिग छात्रा के अंकसूची और आधार कार्ड के जन्म तारीख में छेड़छाड़ कर 14 साल की जगह 24 साल बनाकर एग्रीमेंट शादी कर लिया है। कोतवाली थाना प्रभारी मनीष सिंह परिहार ने बताया कि पुलिस ने नाबालिग लडक़ी को अंबिकापुर से ही तांत्रिक के कब्जे से बरामद किया है। पूछताछ के दौरान पीड़िता ने बलात्कार किए जाने की भी बात बताई है। पुलिस ने मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धाना 87, 64(2)(एम), 55, 318(4), 338, 336(3), 340(2) एवं पोक्सो एक्ट की धारा 4, 6 के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।




## तिहरे हत्याकांड के विरोध नाई समाज ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



- संवाददाता -
अम्बिकापुर,19 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

बलरामपुर में हुए तिहरे हत्याकांड के विरोध में मंगलवार को सर्व नाईसेन समाज के एक प्रतिनिधि मंडल ने संभागीय अध्यक्ष पारसनाथ ठाकुर के नेतृत्व में 5 सूत्रिय मांग का एक ज्ञापन सरगुजा कलेक्टर को दिया। बलरामपुर तिहरे हत्याकांड के विरोध में पूरे प्रदेश में सर्व नाईसेन समाज के द्वारा आज अपने-अपने जिला मुख्यालय में कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया है। कुछ दिन पूर्व ही बलरामपुर के दहेजवार में तीन नरकंकाल के मिले थे। ये कंकाल कुसमी से 27 सितंबर से लापता सूरजदेव ठाकुर की पत्नी कौशल्या ठाकुर, उसकी पुत्री मुक्तावती ठाकुर एवं पुत्र मिंटू ठाकुर के थे। इनके गायब होने के तत्काल बाद सूरजदेव ठाकुर ने कुसमी पुलिस को सूचना दी थी। इस सूचना में सूरजदेव ठाकुर ने आरोपियों पर संदेह जाहिर किया था। किंतु कुसमी पुलिस के द्वारा इस मामले में कोई कारवाई नहीं की गई और हाल ही में गायब लोगों के नरकंकाल बरामद हुआ। इस पूरे

घटना से नाईसेन समाज में व्यापक रोष व्याप्त है। आज कलेक्टर को दिये ज्ञापन में उन्होंने कुसमी थाना प्रभारी के स्थानांतरण को अपर्याप्त कारवाई बताते हुए तत्कालीन थाना प्रभारी एवं अन्य पुलिस स्टाफ पर आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की है। समाज के लोगों ने आशंका जाहिर की है कि इस जघन्य हत्याकांड में एक से अधिक व्यक्तियों का हाथ है। उन्होंने मांग की है कि मामले की जांच कर इस घटना में संलिप्त अन्य आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाये। अपने 5 सूत्रिय मांग में नाईसेन समाज ने परिवार को 2 करोड की आर्थिक सहायता के साथ ही मृतका कौशल्या ठाकुर की 15 वर्षीय पुत्री मधु ठाकुर के शिक्षा संबंधित सभी भार शासन से उठाने की मांग की है। समाज के द्वारा शासन से यह भी मांग की गई है कि परिवार के 1 सदस्य को सरकारी नौकरी दिया जाये। ज्ञापन देने वालों में सर्व नाई सेन समाज के

अविनाश ठाकुर , सरगुजा जिला सचिव संजय ठाकुर, मनोज ठाकुर, राकेश ठाकुर, संतोष ठाकुर, सतेंद्र ठाकुर, बैजनाथ ठाकुर, अरुण ठाकुर, मंटू ठाकुर, रमेश ठाकुर, आनंद ठाकुर, रमेश ठाकुर, सम्भु ठाकुर, दिलीप ठाकुर आदि शामिल थे।

# लोगों की समस्या सुनने जनदर्शन में पहुंचे सांसद चिंतामणि




### खस्ताहाल एनएच की गड्ढों को भरने विभाग को दिया निर्देश

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,19 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

सांसद चिंतामणि महाराज मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में पहुंचे। आम जन से सीधे जुडऩे की पहल पर उन्होंने जनदर्शन में कलेक्टर विलास भोसकर के साथ बैठकर आवेदकों से आवेदन लेते हुए उनकी समस्या से अवगत हुए और शीघ्र निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देशित भी किया। उन्होंने जनदर्शन में आवेदन लेकर पहुंचे ग्रामीणों से सीधे संवाद किया और निराकरण की प्रक्रिया देखी। इस दौरान उन्होंने पीएम जनमन के तहत पीवीटीजी बसाहटों को मुख्य मार्गों से जोडऩे हेतु बसाहटों में सडक़ निर्माण की भी जानकारी ली और जरूरी दिशा निर्देश दिया।

जनदर्शन के दौरान राजस्व विभाग से जुड़े नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा आदि के आवेदनों पर संज्ञान लेते हुए सांसद चिंतामणि ने कहा कि विवादित अथवा अविवादित नामांतरण के निराकरण के दौरान ही बी 1, खसरा और नक्शा दुरुस्ती का काम सुनिश्चित हो, उसके बाद ही नामांतरण के प्रकरण को नस्तीबद्ध किया जाए। इसी तरह उन्होंने ऐसे पात्र हितग्राही जिनका दस्तावेजों के अभाव में जाति प्रमाण पत्र बनने में समस्या आ रही है, उनके जाति प्रमाण पत्र बनाने के क्रम में विशेष ग्राम सभा आयोजित किए जाने की बात कही जिससे लोगों को इस समस्या से राहत मिले। उन्होंने कहा कि सभी ग्रामों में विशेष ग्राम सभा के संबंध में पूर्व सूचना कर दी जाए जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग ग्राम सभा में उपस्थित रहें। जनदर्शन के दौरान सांसद चिंतामणि ने एनएच विभाग को निर्देशित किया कि अंबिकापुर के मुख्य सडक़ों की स्थिति को सुधारने की कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि गड्ढे भरने और समतलीकरण की कार्यवाही करना शुरू करें, केंद्र शासन से स्वीकृति उपरांत बड़े पैमाने पर सडक़ संधारण के कार्य किए जाएंगे।

### निजी हॉस्पिटल की हुई शिकायत

जनदर्शन में आई बकनाकला निवासी आवेदिका ने प्रसव के दौरान महिला चिकित्सक एवं निजी हॉस्पिटल द्वारा लापरवाही बरते जाने की शिकायत की, जिससे उन्हें मानसिक एवं शारीरिक क्षति उठानी पड़ी। सांसद एवं कलेक्टर ने तत्काल इस आवेदन पर संज्ञान लिया। कलेक्टर ने सीएमएचओ को मामले की पूरी जानकारी लेकर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। इस तरह जनदर्शन में पारिश्रमिक भुगतान, सीमांकन, बंटवारा संबंधी जमीनी मामलों के आवेदन प्रस्तुत किए गए। इस दौरान सांसद ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दो हितग्राहियों को पंचायत विभाग के अंतर्गत सचिव पद पर अनुकंपा नियुक्ति पत्र सौंपा। लुण्ड्रा के ग्राम करदोनी निवासी स्व संजय यादव के निधन उपरांत पुत्री प्रिया यादव को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लुण्ड्रा के विकल्प पर पंचायत सचिव के पद पर अनुकंपा नियुक्ति सौंपी गई है। इसी तरह ग्राम राईखुर्द निवासी स्व राजनाथ पैंकरा के निधन पर हाकिम सिंह को ग्राम पंचायत बुलगा के पंचायत सचिव के पद पर अनुकंपा नियुक्ति सौंपी गई है। सांसद ने दो पात्र दिव्यांगों को समाज कल्याण विभाग की ओर से मोटराइज्ड ट्राइसिकल का भी वितरण किया।



## भाभी को टोनही कहकर प्रताड़ित करते हुए की थी मारपीट,देवर गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,19 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

भाभी को टोनही कहकर प्रताड़ित करने व उसके साथ मारपीट करने के मामले में लखनपुर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार रामधारी ग्राम कुंवरपुर थाना लखनपुर का रहने वाला है। 17 नवंबर 2024 को वह अपनी भाभी को टोनही कहकर प्रताड़ित करते हुए उसके साथ मारपीट की थी। पीड़िता ने मामले की रिपोर्ट लखनपुर थाना में दर्ज कराई थी। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

## हर्ष रोड़ लाइंस प्राइवेट लिमिटेड में जीएसटी का छापा

- संवाददाता -
अंबिकापुर,19 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।



शहर के महामाया रोड स्थित हर्ष रोड लाइंस प्राइवेट लिमिटेड के दफ्तर में मंगलवार को जीएसटी की टीम ने छापा मारा है। सेंट्रल और राज्य की 12 सदस्यीय दल ने छापेमारी की कार्रवाई की है। टीम ने दफ्तर के अंदर कई दस्तावेजों की जांच की। टीम के सदस्य अलग-अलग वाहन से पहुंचे थे। जीएसटी की छापेमारी की कार्रवई से पूरे दिन हर्ष रोड लाइंस प्राइवेट लिमिटेड में खलबली मची रही।

## 24 घंटे के अदर तापमान में 1 डिग्री से अधिक की गिरावट,न्यूनतम 8.8 डिग्री

- संवाददाता -
अंबिकापुर,19 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

अंबिकापुर सहित पूरे संभाग में दो दिनों से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। शुष्क हवाओं के कारण अधिकतम व न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। सोमवार को अंबिकापुर का न्यूनतम तापमान 8.8 डिग्री दर्ज किया। जबकि रविवार का न्यूनतम तापमान 9.7 डिग्री था। इस तरह लगातार गिर रहे पारा से ठिठुरन बढ़ गया है। लोग ठंड से बचने गर्म कपड़ों के साथ-साथ अलाव का सहरा ले रहे हैं। वहीं मैदानी इलाकों का हाल और ही बेहाल है। मौसम वैज्ञानी एएम भट्ट के अनुसार इस वर्ष कड़ाके की ठंड पडऩे की उम्मीद है। वर्ष 2014 में 17 नवम्बर को 9.9 और 18 नवम्बर को न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्र दर्ज हुआ था। इसके बाद से नवंबर इस अवधी तक न्यूतनम तापमान 10 डिग्री से नीचे नहीं गिरा था। पर इस वर्ष तापमान 18 नवंबर के बाद से तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। चार-पांच दिनों से इस अंचल में शुष्क वायु प्रवाह के कारण वायुमंडलीय नमी की कम होती मात्रा के कारण न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट हुई है।






# बाइक सवार व्याख्याता सड़क पर गिरकर घायल,जिला अस्पताल रेफर

- संवाददाता -
लखनपुर,19 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कटिंडा मुख्य मार्ग के फेलपुर के पास बाइक सवार व्याख्याता सड़क पर गिरकर घायल होने पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम कुंनी स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय में पदस्थ व्याख्याता विनोद लकड़ा मंगलवार की दोपहर लगभग 12:30 बजे मोटरसाइकिल से लखनपुर किसी कार्य हेतु आ रहे थे जैसे ही कटिंदा मुख्य मार्ग के फेलपुर के पास पहुंचे सामने मवेशी के आ जाने से बाइक पर से नियंत्रण खो दिया और सड़क पर गिर पडे जिससे उनके हाथ पैर चेहरे व सर में चोटे आई है। जिन्हें उपचार हेतु लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया सूचना उपरांत लखनपुर खंड शिक्षा कार्यालय के नवनियुक्त खंड शिक्षा अधिकारी देव कुमार गुप्ता सहायक खंड शिक्षा अधिकारी मनोज तिवारी मंडल संयोजक अरविंद गुप्ता सहित अन्य स्टाफ तत्काल अस्पताल पहुंचा जहां डॉक्टर के द्वारा घायल व्याख्याता का उपचार किया गया सर और चेहरे में गंभीर चोट होने पर अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया। व्याख्याता के उपचार हेतु खंड शिक्षा अधिकारी देव कुमार गुप्ता के द्वारा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से चर्चा की गई।

आवश्यकता है
दैनिक अख़बार घटती घटना
में मशीन हेल्फर की आवश्यकता है
कार्य समयः शाम 7 बजे से देर रात तक
योग्यता 10वीं पास
वेतन 7 से 10 हजार
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें
संपर्क-संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,नमनाकला
अंबिकापुर सरगुजा छत्तीसगढ़, मो. 9826532611

# होलीक्रॉस की छात्रा बोली...सीनियर्स करती हैं रैगिंग,कभी पैर फंसाकर गिराती हैं तो कभी,मुझे पीटा और वीडियो भी बनाया

» होलीक्रॉस वीमेंस कॉलेज की छात्रा ने सीनियरों व क्लासमेट पर लगाए गंभीर आरोप, उच्च शिक्षा विभाग के अपर संचालक से की मामले की लिखित शिकायत








- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 19 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

शैक्षणिक संस्थानों में रैगिंग के बढ़ते मामलों को देखते हुए एंटी रैगिग कमेटी का गठन किया गया है। इससे रैगिंग के मामले काफी हद तक कम हो गए हैं, इसके बावजूद ऐसे मामले कभी-कभार सामने आते रहते हैं। इसी बीच होलीक्रॉस वीमेंस कॉलेज की एक छात्रा ने अपने सीनियर्स व क्लासमेटों पर मारपीट, गाली-गलौज, आत्महत्या के लिए उकसाने व रैंकिंग करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। उसने मामले की शिकायत उच्च शिक्षा विभाग के अपर संचालक से भी की है। इस मामले में जांच की बात कही गई है।

होलीक्रॉस वीमेंस कॉलेज की एक छात्रा ने अपर संचालक रिजवान उल्ला से की गई शिकायत में बताया है कि कॉलेज की कुछ सीनियर्स छात्राओं के अलावा क्लासमेट द्वारा उसके साथ बदसलूकी की जा रही है। वे कभी गाली-गलौज करती हैं तो कभी धक्का-मुक्की व पैर फंसाकर गिराती हैं।

वे आए दिन रैगिग करती हैं। उसने बताया कि शनिवार को उन्होंने मुझे कैंटीन में बुलाया और यहां से




ग्राउंड ले गईं। यहां उन्होंने मुझसे मारपीट की। मारपीट का वीडियो भी अपने मोबाइल पर बनाया। पिछले 2 महीने से उसके साथ ये सब हो रहा है।

अंबिकापुर की डॉक्टर से सिम्स में लगाई फांसी, रिश्तेदार की शादी में शामिल होने आई थी, सहेली के कमरे में ठहरी, अकेले में खुद को खत्म किया

### डर से घर में नहीं बताया, सहेली ने दी जानकारी

अपर संचालक से की गई शिकायत में पीड़ित छात्रा ने बताया है कि डर की वजह से उसने अपने घर में इसकी जानकारी नहीं दी थी। उसकी एक क्लासमेट ने उसके परिजनों को यह जानकारी दी। इसके बाद वह उनके साथ शिकायत करने पहुंची है।

गांव वालोंज, मौसी जी, ये देखो ये मेरी बीवी मुझे शराब के पैसे नहीं देती, आई एम सुसाइडिंगज, शराब पीने के लिए पत्नी ने नहीं दिए पैसे, 60 फिट उंचे हाईटेंशन टॉवर पर चढ़ा युवक यही सब चिल्लाने लगा

### जांच की कही गई है बात

इधर अपर संचालक ने मामले की जांच की बात कही है। उनका कहना है कि शिकायत आई है। होलीक्रॉस कॉलेज की प्राचार्य से जानकारी ली जाएगी कि मामला रैगिंग का है या कुछ और है।

# पीजी कॉलेज में छत्तीसगढ़ी भाषा एवं सरगुजिहा बोली पर आयोजित की गई कार्यशाला




- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 19 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर में संस्था के प्राचार्य डॉक्टर रिजवान उल्ला के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ी भाषा एवं सरगुजिहा बोली में नई कविता, कहानी, सुआ ,दरिया आदि रचनाओं को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में संस्था के प्राचार्य एवं अपर संचालक उच्च शिक्षा सरगुजा संभाग डॉ रिजवान उल्ला ने छत्तीसगढ़ी एवं सरगुजिहा बोली के अंतर को स्पष्ट किया। उन्होंने कार्यशाला में आए हुए रचनाकारों का उत्साह वर्धन करते हुए छत्तीसगढ़ी भाषा की रचनाओं की प्रशंसा की ।डॉ अनिल सिन्हा ने भी इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा आयोजित इस कार्यशाला की सराहना की।

सोन कुमारी सिंह ने अपनी रचना सरगुजिहा गीत (छोटे अकन गीत गाबो राजकर मोहाऊ,) गीत द्वारा सबका मन मोह लिया। चंदन चौहान ने अपनी रचना कविता (बरसात कर मौसम छत और छतरी बर तरसे ) प्रस्तुत किया।

कलावती सिंह ने अपनी रचना ( मैं छत्तीसगढ़ महतारी के करव बखान) प्रस्तुत किया।

सीमा तिवारी - सरगुजिया भजन, शशिलता- छत्तीसगढ़ी गीत, रोशनी सेन - कविता, बृजेश प्रजापति- करमा गीत तथा अन्य छात्र-छात्राओं एवं रचनाकारों ने भी अपनी रचनाएं प्रस्तुत की।

छत्तीसगढ़ी राजभाषा आयोग के सदस्य सरगुजा के प्रसिद्ध साहित्यकार रचनाकार एवं गायक श्री रंजीत सारथी जी , श्री विजय सिंह दमाली (हाय रे सरगुजा नाचे )के रचनाकार तथा माधुरी जायसवाल ने रचनाकारों की रचनाओं को सुना एवं मूल्यांकन किया।

कार्यक्रम का संचालन अजय गुप्ता एवं सोन कुमारी सिंह के द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी राजीव कुमार द्वारा किया गया।

इस अवसर पर डॉ अजय पाल सिंह भी उपस्थित थे। उन्होंने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। डॉ मानक टंडन जी शासकीय संगीत महाविद्यालय के शिक्षक हैं, उनकी रचना लेढवा का विमोचन इस कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा किया गया ।इस अवसर पर बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# महिला के मुंह से निकले जिंदा कीड़े,सामने आया अनोखा मामला

» सरगुजा में महिला के मुंह से जिंदा कीड़े निकलने का मामला सामने आया है...

» महिला के मुंह से निकले जिंदा कीड़े...




- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 19 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक ऐसा मामला आया जिसे देख डॉक्टर भी हैरत में पड़ गए.क्योंकि इस तरह का मामला उन्होंने पहली बार देखा था। एक महिला को खाने पीने में दिक्कत होने लगी.जिसका इलाज कराने के लिए वो अस्पताल पहुंची.लेकिन जैसे ही डॉक्टरों ने महिला का इलाज करने के लिए उसका निरीक्षण किया तो सभी के होश उड़ गए क्योंकि महिला के मुंह में जिंदा कीड़े थे.जो उसी को खा रहे थे।



**महिला के मुंह में लगे कीड़े:-** डॉक्टरों ने जब शुरुआती जांच की तो पाया कि महिला के मुंह में कीड़े लगे हैं। पहले तो लगा कि महिला को कैंसर हो गया है लेकिन ऐसा नहीं था.क्योंकि इंसान के शरीर में कीड़े तब लगते हैं जब उसकी मौत हो चुकी हो या वो किसी भयंकर चर्मरोग की बीमारी से पीड़ित हो या फिर शरीर का ऐसा हिस्सा को डेड हो चुका हो.लेकिन जो महिला इलाज के लिए आई थी उसे ऐसी कोई भी बीमारी नहीं थी।

**क्यों लगे कीड़े :-** हैरत में पड़े डाक्टरों ने जब बीमारी के कारण जानने का प्रयास किया तो जो बात निकलकर सामने आई वो हैरान करने वाली थी।क्योंकि महिला तंबाकू की शौकीन थी।वो दिनभर मुंह में तंबाकू दबाए रहती थी। इस मामले में ईएनटी विभाग के प्रमुख डॉ. शैलेंद्र गुप्ता बताते हैं कि हमारे ईएनटी विभाग में एक 28 वर्ष की महिला एडमिट हुई। इस महिला के मुंह में समस्या थी. खाने पीने में जलन हो रही थी जिस कारण ये लोग अस्पताल आए। जांच करने पर पता चला कि महिला के ओंठ के नीचे कीड़े हैं। सामान्यतः ऐसा पहली बार देखा गया. क्योंकि कीड़े कुष्ठ रोग में देखे जाते हैं जब नसें निष्क्रिय हो जाती हैं, या मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति जब अपनी केयर नहीं कर पाता है तो उसमें कीड़े लगने की संभावना रहती है। कैंसर के नेक्स्ट स्टेज में भी कीड़े पड़ते हैं, लेकिन यहां तो ऐसा कुछ भी नही था।

### महिला के मुंह से निकले जिंदा कीड़े

परिजनों से पूछताछ करने पर पता चला कि महिला के दांत में दर्द होता था। वो दर्द से बचने के लिये तंबाखू का सेवन करती थी। कुछ दिन तक तंबाकू सेवन से दर्द में आराम मिला। लेकिन बाद में आराम मिलना बंद हो गया। समस्या नए रूप में खड़ी हो गई. महिला के मुंह में बहुत से कीड़े हैं। जिन्हें ट्रीटमेंट देकर ठीक किया जा रहा है. उम्मीद है कि महिला जल्द ही स्वस्थ हो जायेगी।

आपको बता दें कि सरगुजा कि मेडिकल हिस्ट्री में ये पहला मामला है. जहां तंबाकू के कारण दांत दर्द के इलाज में मुंह में कीड़े पड़े हो। तंबाकू खाने की वजह से नसों में सेंसिटिविटी खो जाती है।ऐसी स्थिति में इस तरह की दिक्कत हो सकती है.इसलिए डॉक्टर अक्सर सलाह देते हैं कि तंबाकू के सेवन से हमें बचना चाहिए।

**डॉ शैलेंद्र गुप्ता,स्पेशलिस्ट ईएनटी**

# मनोज वर्मा ने ग्रहण किया लुण्ड्रा बीईओ का प्रभार



» कहां आपसी समन्वय के साथ शैक्षणिक व्यवस्था में कसावट के साथ लाएंगे नवीनता

- संवाददाता -
लुण्ड्रा, 19 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

लुण्ड्रा विकासखंड में सोमवार 18 नवंबर को नवनियुक्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी के रुप में मनोज वर्मा ने विधिवत् पदभार ग्रहण कर लिया पदभार ग्रहण करने के पश्चात नव नियुक्त खण्ड शिक्षा अधिकारी मनोज वर्मा ने कहा कि कर्मचारियों की आपसी सहयोग एवं शिक्षक शिक्षिकाओं के बीच समन्वय बनाकर शैक्षणिक व्यवस्था को और बेहतर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ा जाएगा साथ ही कहा कि शैक्षणिक कार्यों में तनिक भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा शासकीय योजनाओं के अलावा रुचिकर कार्यों को भी बढ़ावा देना प्रमुख उद्देश्य होगा जिसमें छोटे-छोटे बच्चों में पढ़ाई को लेकर जिज्ञासा व उत्सुकता बनी रहे ।

इस अवसर पर सहायक खंड शिक्षा अधिकारी आर पी चौहान बीआरसीअजय सिंह, बीपीओ अरुण गुप्ता , के अलावा विभिन्न शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रतिनिधि व संकुल केंद्र संयोजकों के नवनियुक्त वीडियो के पदभार ग्रहण करने पर पुष्प गुच्छ वह माल्यार्पण कर स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए गरिमा अनुरुप कार्याव्यवहार करने अनुरोध किया।

# सरकारी जमीन में बसे एक परिवार को हटाने चल रही जोर-आजमाइश

- संवाददाता -
उदयपुर, 19 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

विकाखखंड में यादव परिवार के सदस्यों को गांव से हटाने जोर-आजमाइश चल रही है। बेबश ग्रामीण न्याय की उम्मीद लिए सरगुजा कलेक्टर तक गुहार लगा चुके हैं, लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। एक परिवार को टारगेट बनाकर बिना नोटिस दिए कब्जा हटाने 18 नवम्बर को कोटवार से मुनादी भी करवाया गया है। ऐसे में ग्रामीण संशय में है कि उन्हें ही सिर्फ क्यों निशाने पर लिया जा रहा है।



मामला उदयपुर मुख्यालय के ग्राम फूलचुही का है। यहां मैदान के लिए सुरक्षित 14 एकड़ सरकारी जमीन के 50 डिसमिल भाग में गांव के सुखदेव यादव पिता सुखलाल यादव का 7 परिवार के सदस्य के अलावा रामजीत यादव के परिवार के 7 व रामलाल यादव के परिवार के 10 सदस्य निवास करते हैं, जिसमें छोटे बच्चे व बुजुर्ग भी शामिल हैं। बस्ती गोंड समाज बहुल है। अन्य जातियों में एक घर यादव परिवार का, एक घर पनिका और एक घर रजवार परिवार का है। 14 एकड़ शासकीय भूमि में शासकीय शिक्षक कुंदसाय पिता अर्जुन, शिक्षक स्व. कृष्णा सिंह पिता अर्जुन, कृषक मानसाय पिता देवमुन सहित अन्य का भी ठिकाना है। सुखदेव यादव का कहना है कि काफी दिनों से उन्हें गांव वाले कमजोर समझकर अवैध कब्जा कहते हुए घर तोड़ने व जमीन से बेदखल करने डरा-धमका रहे हैं। जमीन में लगी फसल को जोत दिया गया, जिससे वे सहम गए हैं। सुखदेव यादव बताते हैं कि वे विगत 50 वर्षों ये यहां निवास कर रहे हैं और 10 वर्षों से कब्जाधारक हैं, इसे नजरअंदाज किया जा रहा है। कलेक्टर जनदर्शन व तहसीलदार से आग्रह के बाद भी उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। इनकी मांग है कि अगर कब्जा हटाना है तो सभी का हटाया जाए,न कि सिर्फ उन्हें निशाने पर लिया जाए।

# विश्व शौचालय दिवस पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा हमारा शौचालय,हमारा सम्मान अभियान का शुभारंभ







- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 19 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

### अभियान का उद्देश्य स्वच्छता और शौचालय के उपयोग को बढ़ावा देना

» सफाई कर्मचारियों के सम्मान, और जल की गुणवत्ता पर भी रहेगा फोकस

विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा द्वारा किया गया है। यह अभियान 19 नवंबर से 10 दिसंबर 2024 तक चलेगा, जिसका उद्देश्य शौचालय के उपयोग को बढ़ावा देना और ओडीएफ से ओडीएफ प्लस के स्थायित्व को बढ़ावा देना है। मंगलवार को ई सेवा केंद्र में वीसी के माध्यम से प्रदेश स्तर पर उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने ÷हमारा शौचालय, हमारा सम्मान अभियान÷ की शुरुआत की है। इस अभियान में उप मुख्यमंत्री ने पंचायत, विकासखंड एवं जिला स्तर पर सरंपच,सचिव और स्वच्छता ग्राहियों से बातकर उनका अनुभव जाना। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल सभी को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश में 36 लाख से अधिक व्यक्तिगत शौचालय और 14 हजार से अधिक सामुदायिक शौचालय का निर्माण हुआ है। स्वच्छ भारत मिशन में सभी वर्ग जुड़कर माताओं बहनों के सम्मान के लिए घर घर-घर शौचालय बनवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान में स्कूली बच्चों को शामिल कर लोगों को शौचालय के रखरखाव और इस्तेमाल के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि हमारा प्रदेश ओडीएफ बन चुका है। अब इसमें ओडीएफ प्लस की ओर बढ़ना है। स्वच्छ ग्राहियों द्वारा डोर टू डोर कचरा कलेक्शन और कचरा निपटान के लिए कार्य करना है। उन्होंने सरपंचों से गांवों को प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में कदम उठाने को कहा। उन्होंने बताया कि इस अभियान के माध्यम से शौचालयों के उपयोग, निर्माण और उनकी स्थिति में सुधार की दिशा में कई महत्वपूर्ण पहल किए जाएंगे।

CMYK

# क्या कुलदीप जैसा अपराधी बनने का मिल रहा है मौका?

# शिकायत पर कार्यवाही कब?

## शिकायत के बाद पीड़ित पर दबाव बनाने पूरा तंत्र हुआ हावी

## प्रार्थी से आरोपी को माफी मंगवा करा...चाहते हैं कुछ लोग मामले का पटाक्षेप

## क्या कुलदीप जैसा अपराधी बनने का मिल रहा है मौका...क्या कुछ लोग एक नया कुलदीप तैयार करने की जुगत में?

## रिजवान को बचाने भाजपा से लेकर धान खरीदी में भ्रष्टाचार की भूमिका निभाने वाले,करने वाले मध्यस्थता करने में जुटे...

## अशफाक के गुर्गे ने बुलेट शोरूम के मालिक को दी थी धमकी...

## अशफाक ने जिस बुलेट शोरूम से खरीदी थी बुलेट उस शोरूम को नहीं किया 6.5 लाख का भुगतान

## जान से मारने व शोरूम जलाने की धमकी देने वाला कोई और नहीं अशफाक का करीबी व सावरावा धान खरीदी प्रभारी रिजवान है...

### यह है पूरा मामला

बुलेट शोरूम के संचालक सौरभ प्रताप सिंह ने शिकायत करते हुए आरोप लगाया है कि मेरे शोरूम से असफाक उल्लाह पिता जरीफ उल्लाह निवासी सोनपुर (शिवप्रसादनगर) के द्वारा लगभग 70 गाड़ियां खरीदी गयी थी जिसमें कुछ अपने नाम पर और कुछ अन्य व्यक्तियों के नाम पर खरीदी की गयी थी। साख अच्छी होने की वजह से कुछ गाड़ियां ऐसे ही ले गया था जिसमें 650000/- (छः लाख पचास हजार) रूपये बकाया है जिसके एवज में 300000/- (तीन लाख) का चेक दिया था और 350000/- (तीन लाख पचास हजार) रूपये नगद भेजवाने को कहा था। जो अभी तक न तो नगद राशि प्राप्त हुई और न ही चेक की राशि प्राप्त हुई। इस बीच चेक की राशि भी अनादरित हो गयी। इसी बीच असफाक उल्लाह की बुलेट जो वह शो रूम से लेकर गया था जो पानी में चले जाने की वजह से उसमें तकनीकी खराबी आ गयी थी, जिसे असफाक उल्लाह ने बनाने के लिये लगभग चार महिना पहले दिया था और कहा था कि मेरे बुलेट को बना दिजियेगा और जब लेने आऊंगा तब बुलेट के बनवाने का पैसा और बकाया 6 लाख 50 हजार का रकम दे दूंगा और असफाक ने जाते-जाते यह भी कहा था की यह वाहन जब मैं आऊंगा तभी दिजियेगा किसी और को बिलकूल नहीं। इसी बीच असफाक उल्लाह का दोस्त जिसका नाम मो. रिजवान अंसारी जो सोनपुर (शिवप्रसादनगर) का रहने वाला है जो शो रूम में 08 नवम्बर 2024 तथा 10 नवम्बर 2024 को दो दिन आया और उसके द्वारा यह कह गया कि मेरा बुलेट कब दे रहे है, क्योंकि असफाक ने मुझे यह बुलेट बेच दिया है। शोरूम संचालक द्वारा असफाक उल्लाह की तरफ बकाया राशि की बात बतायी गयी और यह भी कहा गया की यह बुलेट असफाक ने बनाने को दिया है और यह वाहन मैं आपको नहीं दे सकता। तो रिजवान अंसारी द्वारा शोरूम संचालक को और उसके भाई सचिन प्रताप सिंह के साथ वहां मौजुद स्टॉफ के मौजूदगी में भद्दी-भद्दी गालीयां देते हुए मेरे शोरूम में आग लगाने की बात कही साथ ही झूठे मामले रेप केस में फंसाने की बात कही। धमकी देते हुये उसके द्वारा यह कहा कि तुझे किसी छोटी बच्ची या फिर मेरी पत्नि के द्वारा रेप केस करवा कर फंसा दूंगा। गाड़ी दे दो वरना मैं भी कुलदीप साहू बन जाऊंगा और तेरा मर्डर कर दूंगा, तेरे शोरूम में आग लगा दूंगा। रिजवान द्वारा उक्त कही गयी बात का मेरे मोबाईल में रिकार्डिंग भी है। शोरूम संचालक का यह भी कहना है कि उसके द्वारा रिजवान को यह भी कहा कि असफाक उल्लाह से बात करा दो या फिर गाड़ी का पेपर दिखा दो पर वह किसी में भी तैयार नहीं हुआ और अपना ही जबरदस्ती करता रहा। इस पूरे प्रकरण में शोरूम संचालक का कहना है कि उन्हें इस बात का संदेह है कि असफाक उल्लाह द्वारा यह पूरा षडयंत्र किया जा रहा है क्योंकि असफाक के साथ रिजवान अंसारी की मित्रता है और असफाक उल्लाह के द्वारा बकाया राशि जो उसे उससे लेनी है असफाक को न देना पड़े इसलिए रिजवान को साजिश के तहत लाया जा रहा है। शोरूम संचालक को इस बात की जानकारी भी मिली की असफाक उल्लाह इस समय फरार चल रहा है पर उन्हें संदेह है कि रिजवान और असफाक दोनों एक दूसरे के सम्पर्क में है।







संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन | घटती घटना | सूरजपुर-कोरबा-सरगुजा-समाचार | अम्बिकापुर, रविवार 17 नवम्बर 2024 | 6

मैं भी कुलदीप साहू बन जाऊंगा...मर्डर कर दूंगा...

अशफाक के गुर्गे ने बुलेट शोरूम के मालिक को दी धमकी | अशफाक जिस बुलेट शोरूम से खरीदी थी बुलेट उस शोरूम को नहीं किया 6.5 लाख का भुगतान | जान से मारने व शोरूम जलाने की धमकी देने वाला कोई और नहीं अशफाक का करीबी व सावरावा धान खरीदी प्रभारी रिजवान है, जिसके विरुद्ध थाने में हुई शिकायत

बिना पैसे दिए अपने दोस्त रिजवान को बुलेट लेने भेजा शोरूम और संचालक को धमकी दिलाया

कुलदीप ने ऐसा क्या कर दिया कि लोग कुलदीप बनना चाहते हैं?

मो. रिजवान अंसारी

-ओंकार पाण्डेय-
सूरजपुर 19 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

आज का समय बहुत ही विचित्र हो गया जिसके पास धनबल है वह गलत होगा तो भी उसके लिए लोगों का दयाभाव देखा जाता है, जबकि उस व्यक्ति के लिए दयाभाव नहीं रहता जिसके साथ गलत हुआ रहता है, जिसके साथ गलत हुआ है उसे कमजोर समझ कर दबाने का प्रयास होता है और उससे भी ना बने तो सब एक होकर उसपर दबाव बनाकर शिकायतों को वापस करने का एक षड्यंत्र रचा जाता है, जैसा अभी हाल ही में हुई एक शिकायत मामले में देखा जा रहा है एक बुलेट शोरूम में घुसकर उसके मालिक से गाली गलौज किया जाता है धमकी दिया जाता है कुलदीप बन जाऊंगा मर्डर कर दूंगा शोरूम को आग लगा दूंगा, अब जब यह मामला पुलिस तक पहुंच गया तब इस मामले में पटाक्षेप की राजनीति होने लगी, यह सब करने वाला कोई और नहीं सावराव का समिति प्रबंधक रिजवान है जो सूरजपुर के सबसे बड़ा ठग अशफाक उल्लाह का गुर्गा है। रिजवान इस समय ओड़गी के भाजपा मंडल अध्यक्ष का काफी खास बताया जा रहा है और समिति का प्रबंधन व धान खरीदी कार्य में प्रभारी बनने का भी प्रायस कर रहा है ऐसा सूत्रों का कहना है। प्रार्थी ने जब से अपने साथ हुई आपबीती को लेकर थाने में शिकायत दर्ज कराई है तब से लेकर इस मामले को पटाक्षेप करने के लिए धान खरीदी में भ्रष्टाचार करने वाले बड़े-बड़े दिग्गज व कुछ वरिष्ठ रोज प्रार्थी के घर पहुंच कर दबाव बना रहे हैं और कह रहे हैं कि आपसे रिजवान माफी मांग रहा है आप इसे माफ कर दीजिए।

## अब रिजवान को बचाने कई लोग हुए सक्रिय,मामले में माफी दिलाकर बचाने की कवायद

बताया जा रहा है अब बुलेट शोरूम के मालिक को धमकाने वाले रिजवान को बचाने कई लोग सक्रिय हो गए हैं। सभी सक्रिय लोग अलग अलग तरह से बुलेट शोरूम के मालिक को समझा रहे हैं और रिजवान को माफी देने की बात कह रहे हैं। रिजवान जो कुछ दिन पहले बुलेट शोरूम में जाकर कुलदीप की तर्ज पर अपराधी बनने की धमकी दे रहा था वह अब कई लोगों के साथ जिनमें सत्ताधारी दल के लोग हैं बुलेट शोरूम के मालिक पर एक तरह से माफी देने का दबाव भी बनवा रहा है। वैसे जो लोग माफी के लिए बुलेट शोरूम के मालिक से संपर्क कर रहे हैं वह रिजवान को संरक्षण देने के लिए ही ऐसा दबाव बना रहे हैं।

## रिजवान को माफी दिलाकर क्या कुलदीप जैसा अपराधी बनाने की जुगत में हैं कुछ लोग?

वैसे रिजवान के पक्ष में आकर उसे माफी दिलाने की जुगत में लगे कुछ लोग जो राजनीति से जुड़े हैं सत्ताधारी दल से जुड़े हैं क्या रिजवान को कुलदीप जैसा ही अपराधी बनाना चाहते हैं क्योंकि कुलदीप के पीछे भी तत्कालीन सत्ताधारी लोग समर्थक थे और उसके गलतियों पर पर्दा डालने वाले थे जिस वजह से वह इस स्तर का अपराध कर सका वहीं रिजवान को जिस तरह अब सत्ता के लोग संरक्षण दे रहे हैं वह भी कुलदीप बनाने में ही रिजवान को लगे हैं यह कहना सोचना गलत नहीं होगा। कुलदीप का मनोबल इसी तरह के संरक्षण की वजह से बढ़ा था जो अब रिजवान को मिल रहा है।

## धान खरीदी केंद्र का प्रभारी बनने दिया है रिजवान ने लाखों,लाखों का लालच ही रिजवान के लिए समर्थन का कारण बन रहा है...

सूत्रों की माने तो रिजवान धान खरीदी केंद्र का प्रभारी रह चुका है और अपराध दर्ज होने के कारण उसे हटाया न जाए इसलिए वह अब नेताओं की शरण में है वहीं उससे किसी नेता ने लाखों लिया है और वह लाखों की लालच की वजह से ही रिजवान के पक्ष में है। लाखों में जो राशि बताई जा रही है वह 10 लाख की राशि है। वैसे अब 10 लाख को बचाने के लिए ही पूरी कवायद जारी है और रिजवान के लिए नेता बुलेट शोरूम के मालिक को बातें धमकी भूल जाने को कह रहे हैं। वैसे नेता आज जरा लालच में एक अपराधी को बचाने में जुटे हैं जबकि वह यह भूल रहे हैं कि आज उनकी यह लालसा लालच कल एक अपराधी बड़ा तैयार करने जा रही है।

## क्या जो लोग माफी के लिए कह रहे हैं वह अपने साथ इस घटना के घटने पर रिजवान को माफ करते?

वैसे सत्ताधारी दल से जुड़े वह लोग जो आज रिजवान को माफ करने कह रहे हैं क्या वह अपने साथ यही घटना घटने पर रिजवान को माफ करते। वैसे यह सवाल उनसे पूछना जरूर चाहिए और उनसे यह भी पूछना चाहिए कि उन्हें क्या ऐसा रिजवान ने लालच दिया है जिससे वह एक अपराधी के पक्ष में खड़े हैं। वैसे रिजवान को भी मानना पड़ेगा सत्ताधारी दल के लोगों को अपने पक्ष में लाने उसने ऐसा चारा डाला है कि अब सत्ताधारी लोग उसके लिए हर समय खड़े हैं और वह तब तक बैठने वाले नहीं जबतक अब रिजवान न कह दे।

# कटघोरा वनमंडल क्षेत्र मे एक बार फिर हॉथियों ने जमाया डेरा

-संवाददाता-
कोरबा,19 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।



जिले के कटघोरा वनमंडल क्षेत्र के केंदई रेंज में हाथियों का आतंक लगातार बढ़ने का साथ एक बार फिर से हांथी का डाल आ धमका है जिससे ग्रामीण रतजगा को है मजबूर। यहां के कोरबी सर्किल अंतर्गत झिनपुरी क्षेत्र में 50 हाथी विचरण कर रहा हैं जिससे ग्रामीणों को हाँथियो सड़ खतरा बढ़ गया है। हाथियों के इस दल को झिनपुरी भदरा के हाड़ाडबरा में जलक्रीड़ा करते देखा गया, यह बांगो बांध के डुबान क्षेत्र में यह स्थान स्थित है। वहीं बड़ी संख्या में हाथियों के आने से ग्रामीण दहशत में रतजगा कर रहे हैं। बताया जाता है कि हाथी रात्रि के समय अलग-अलग झुंडों में बंट जाते हैं। धान की फसल को किसान अब खलिहान में लेकर पहुंच रहे हैं इस वजह से भी हाथी गांव के नजदीक आ रहे हैं, जिससे खतरा और भी बढ़ गया है। केंदई रेंजर अभिषेक दुबे के मुताबिक झिनपुरी व आसपास के गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क कर दिया गया है एवं उनसे कहा गया है कि क्षेत्र के जंगल में बड़ी संख्या में हाथी घूम रहे हैं अतः इससे दूरी बनाए रखें।


### छत्तीसगढ़ शासन,जल संसाधन विभाग

कार्यालय कार्यपालन अभियंता,जल संसाधन संभाग क्रं.1 अम्बिकापुर जिला सरगुजा(छ.ग.)

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

eprocurment portal:https://eproc.cgstate.gov.in

(प्रथम आमंत्रण)

निविदा सूचना क्रमांकः02/ व.ले.लि./2024-25 दिनांक 14.11.2024 निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 05.12.2024(17.30 बजे) तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-

| ग्रुप क्रं. | सिस्टम निविदा क्रं | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | 161182 | केराकछार ऐनीकट योजना का निर्माण कार्य। | रू.247.84 लाख |
| 2 | 161183 | पैगा स्टॉपडेम योजना का निर्माण कार्य। | रू.253.53 लाख |
| 3 | 161184 | बमलाया झींगानाला एनीकट योजना का निर्माण कार्य। | रू.261.55 लाख |
| 4 | 161185 | रजपुरी स्टॉपडेम योजना का निर्माण कार्य | रू.251.17 लाख |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 21.11.2024 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाऊनलोड किए जा सकते हैं।

नोट : निविदा में भाग लेने वाले ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/ पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य होगा।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग क्रं.1
अम्बिकापुर (छ.ग.)
कृते-मुख्य अभियंता
हसदेव गंगा कछार जल संसाधन विभाग
अम्बिकापुर सरगुजा(छ.ग.)

जी.नंबर-242503832/3



### न्यायालय तहसीलदार, उदयपुर,जिला-सरगुजा,छ0ग0

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./202410021900037/अ-21/2024-25
ग्राम-पुटा, प0ह0नं0 18, उदयपुर

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण अमृत राम पिता मसत राम, अमरेश ,विलराम, नजीर राम पिता मसत राम, मानसाय, पिता मंगल सभी जाति मझवार, निवासी ग्राम पुटा, तहसील उदयपुर, जिला सरगुजा, छ0ग0 के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के संयुक्त स्वामित्व की भूमि कुल खसरा नंबर 07, कुल रकबा 1.189 हे0 भूमि ग्राम-पुटा, तहसील उदयपुर में स्थित है। उक्त भूमि में खसरा नंबर 284/1 रकबा 0.275 हे0 भूमि को आवेदकगण आपसी, सहमति से पूर्व में लिये गये कर्ज राशि को चुकता करने के लिये अनावेदक भोले सिंह, पिता कल्याण सिंह, जाति गोंड, निवासी ग्राम बासेन, तहसील उदयपुर के पास राशि रू0 1,50,000.00 (एक लाख पचास हजार रूपये) मात्र विक्रय किए जाने का सौदा तय कर बतौर अग्रिम राशि रू 75000 (पच्चहत्तर हजार रूपए) मात्र प्राप्त कर लिये है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि को विक्रय करने की अनुमति प्रदान करने हेतु आवेद मय शपथ पत्र,बी-1, खसरा की प्रति नक्शा की प्रति, ईश्तहार हेतु तलबाना शुल्क, भूमि विक्रय अनुबंध पत्र की छायाप्रति,जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आवेदकगण एवं अनावेदक के आधार कार्ड की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज सहित न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0) उदयपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जिसमें जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी तिथि 04/12/2024 के पूर्व इस न्यायालय में दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरान्त किसी भी प्रकार का दावा/आपत्ति प्राप्त होने पर विचार नहीं किया जाये।

आज दिनांक 18/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा द्वारा जारी।

सील
तहसीलदार
,उदयपुर-सरगुजा


# स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के प्रयासों से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जनकपुर का होगा उन्नयन

-संवाददाता-
रायपुर/मनेंद्रगढ़ 19 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।




छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री एवं मनेंद्रगढ़ के स्थानीय विधायक राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए कृतसंकल्पित हैं। नव गठित जिला मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर में भी स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए स्वास्थ्य मंत्री लगातार प्रयासरत हैं। इसी कड़ी में स्वास्थ्य मंत्री के प्रयासों से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत 50 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जनकपुर के उन्नयन कार्य के लिए 12 करोड़ रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गयी है। इस संबंध में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने सीजीएमएससी लिमिटेड को पत्र लिखकर अवगत भी करा दिया है। 50 बिस्तर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जनकपुर के उन्नयन से क्षेत्र के लोगों को काफी फायदा मिलेगा। यहां के लोगों को अब इलाज के लिए जिला मुख्यालय या संभाग मुख्यालय आने की आवश्यकता नहीं होगी और उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ही उच्च स्तर की स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। जनकपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को 50 बिस्तरीय अस्पताल में उन्नयन करने पर क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल का आभार प्रकट किया है।


### न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः, 202411020700002

विषयः-ब-121 मामले की श्रेणीः- राजस्व सन्ः-2024-25
लब्जी प.ह.नं.00027(हे.)
पक्षकारों का विवरणः-
आवेदक पक्षकार-पण्डा राम
अनावेदक पक्षकार-छ0ग0 शासन

**ईश्तहार**

आवेदक पंडाराम आ0 जगेसर निवासी ग्राम लब्जी तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ0ग0 के द्वारा ग्राम लब्जी स्थित कुल खसरा नंबर 18 कुल रकबा 4.036 हे0 भूमि के द्वितीय प्रति त्रण पुस्तिका हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 29/11/2024 के पुर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावाआपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04/11/2024 को जारी किया जाता हैं।

सील
तहसीलदार
अंबिकापुर



### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)अंबिकापुर,जिला-सरगुजा(छ0ग0)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. अ-2/2023-24

एतद द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बलमदीना तिर्की पत्नी नरेश तिर्की जाति उरांव निवासी गंगापुरखुर्द तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा, छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम गंगापुरखुर्द तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा, छ0ग0 खसरा नंबर 107/3 रकबा 0.020 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1,खसरा,नक्शा,सेटलमेंट, भूमि उपयोगिता प्रमाण,ले-आउट , रजिस्ट्री की प्रति, आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निधारित सुनवाई तिथि 25/11/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील
अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) अंबिकापुर



### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)अंबिकापुर,जिला-सरगुजा(छ0ग0)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. अ-2/2023-24

एतद द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हीरासाय आ0 बुलचु जाति उरांव निवासी लोधी तहसील शंकरगढ़ जिला बलरामपुर, छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम हर्राटिकरा तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ0ग0 खसरा नंबर481/7 रकबा 0.024 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, पंचायत प्रस्ताव, रजिस्ट्री की प्रति, आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निधारित सुनवाई तिथि 05/12/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील
अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) अंबिकापुर



### न्यायालय नायब तहसीलदार रा.नि.मं. अम्बिकापुर-3 के न्यायालय में मामला क्रमांक-202411022900009

विषयः-अ-6अ मामले की श्रेणीः- राजस्व सन्ः-2024-25
मायापुर प0ह0नं0-00014
पक्षकारों का विवरणः-
आवेदक पक्षकार-जेमा यादव,
अनावेदक पक्षकार-छ0ग0 शासन

**ईश्तहार**

आवेदिका जेमा यादव पति नेपाल यादव निवासी ग्राम, पसेना, तहसील लुण्ड्रा जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा स्वयं के अधिपत्य की ग्राम मायापुर स्थित भूमि ख0क्र0 1/15 रकबा 0.010 हे0 भूमि पर त्रुटिवश आवेदिका के खाते की उक्त भूमि के राजस्व अभिलेखों में आवेदिका की जाति महकुल के स्थान पर अहिर अंकित होने जाने पर राजस्व अभिलेखों में अहीर जाति के स्थान पर महकुल जाति अंकित करने हेतु त्रुटि सुधार आवेदन पेश किया गया है। आवेदन के साथ विक्रय पत्र की छायाप्रति एवं वर्तमान बी-1 पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 17/12/2024 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावाआपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18/11/2024 को जारी किया जाता हैं।

सील
नायब तहसीलदार
अंबिकापुर-03



### न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः, 202410020700204

विषयः-अ-27 अ मामले की श्रेणीः-राजस्व सन्ः-2024-25
पोडीखुर्द प.ह.नं.00032(हे.)
पक्षकारों का विवरणः-
आवेदक पक्षकार-रामसाय, खोरी, करियारो
अनावेदक पक्षकार-रामसाय,खोरी,करियारो

**ईश्तहार**

आवेदिका करियारो आ0धनी राम माता स्व0 ढोली राम निवासी ग्राम बरढोढी तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम बरढोढी स्थित कुल खसरा नंबर 30 कुल रकबा 3.202 भूमि का उभय पक्षकार के मध्य 1/3 भागों में बटवारा किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 25/11/2024 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावाआपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/10/2024 को जारी किया जाता हैं।

सील
तहसीलदार
अंबिकापुर



### न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः, 202410020700201

विषयः-अ-6 मामले की श्रेणीः-राजस्व सन्ः-2024-25
जोगीबांध प.ह.नं.00031(हे.)
पक्षकारों का विवरणः-
आवेदक पक्षकार-रामदेव
अनावेदक पक्षकार-रामदेव,पि.तिलोचन धनेश्वरी चंदेश्वरी पुत्री तिलोचन, पण्डराम, पि.सहदेव पिहो गुड्डी पुत्री सहदेव,

**ईश्तहार**

आवेदक रामदेव आ0त्रिलोचन निवासी ग्राम जोगीबांध तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम जोगीबांध स्थित कुल खसरा नंबर 12 कुल रकबा 3.188 हे0 भूमि राजस्व अभिलेखों से मृतक खातेदार इन्द्रकुंवर एवं कुंती का नाम विलोपित कर वैधानिक उत्तराधिकारियों का नाम फ ौती नामांतरण दर्ज किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 09/12/2024 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/10/2024 को जारी किया जाता हैं।

सील
तहसीलदार
अंबिकापुर


CMYK

# पनारी में शिवानी कंस्ट्रक्शन द्वारा संचालित अवैध स्टोन क्रेशर सील

क्रेशर संचालक ने ग्राम पंचायत खनिज विभाग राजस्व विभाग के बिना अनापत्ति प्रमाण पत्र के धड़ल्ले से क्रेशर का निर्माण कार्य किया गया

## बिना प्रशासन के अनुमति अवैध स्टोन क्रेशर लगाने का आरोप




### इस क्रेशर निर्माण को लेकर बीजेपी पर कांग्रेस ने साधा निशाना

ग्राम पंचायत पैनारी के ग्राम पंचायत से महज चंद 500 मीटर की दूरी पर अवैध क्रेशर लगाया गया है. कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने इसके लिए बीजेपी पर निशाना साधा है. उन्होंने ने कहा जहां तक मुझे पता है कि बिना लीज के ही क्रेशर का संचालन हो रहा जबकि क्रेशर संचालन के लिए नियम और प्रक्रिया का पालन करना होता है जिस जमीन पर क्रेशर लगाया गया है वो भूमि भी छोटे बड़े झाड़ के जंगल में है और जिस जगह से पत्थर निकाला जाएगा वो दूसरे के नाम पर आवंटित है.ऐसे में पत्थर उत्खनन को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित होगी. हम प्रशासन से ये शिकायत कर रहे हैं गलत कामो को रोका जाए। उन्होंने ने आरोप लगाया कि जब से बीजेपी की सरकार आई है, तब से हर काम सेटिंग में चल रहा है.ठेकेदार बिना अनुमति एवं कोई भी प्रक्रिया पूर्ण किए क्रेशर लगा रहे हैं. ये प्रशासन की बहुत बड़ी विफलता को दर्शाता है।

> ग्राम पंचायत पैनारी में अवैध क्रेशर लगाने की शिकायत प्राप्त हुई है.हमारे द्वारा पहले जांच की जाएगी यदि अवैध पाया जाता है तो दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी
> **शशिशेखर मिश्रा,तहसीलदार**

> खनिज विभाग कि टीम और राजस्व कि टीम स्थल पर भेजा जाएगा.अगर अवैध पाया गया तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।
> **बृजेंद्र सिंह सारथी,एसडीएम**

-राजेन्द्र शर्मा-
खड़गवां,17 नवम्बर 2024
(घटती-घटना)।

एमसीबी जिले के जनपद पंचायत खड़गवां के ग्राम पंचायत पैनारी में स्टोन क्रेशर मशीन लगाने का मामला सामने आया है। जबकि इस बिना अनुमति के स्टोन क्रेशर के लगने के संबंध में घटती घटना समाचार पत्र ने 16 जून को खबर प्रकाशित किया गया था जिसमें हल्का पटवारी में अपने बयान में कहा था कि इसकी जांच कर अपने उच्च अधिकारियों के समक्ष दस्तावेज प्रस्तुत किया जाएगा। इससे ये लग रहा है कि तत्कालीन पटवारी के द्वारा अपने उच्च अधिकारियों को किसी प्रकार की कोई जानकारी नहीं दी या देने कि जरुरत नहीं समझी जिस पर अधिकारी जांच के बाद कार्रवाई की बात कह रहे है।

एमसीबी जिले के पैनारी गांव में शिवानी कंस्ट्रक्शन के ठेकेदार ने पुल बनाने के लिए अवैध स्टोन क्रेशर लगा लिया.ताकि पुल निर्माण के लिए गिट्टी की जरुरत को पूरा किया जा सके. ये स्टोन क्रेशर सरकारी अनुमति के बिना छोटे झाड़ के जंगल में कि शासकीय भूमि पर लगाया गया है.इसके लिए सबसे पहले ग्राम पंचायत का प्रस्ताव जरुरी होता है जो ग्राम पंचायत पैनारी के द्वारा नहीं दिया गया है उसके बाद भी इस पुल ठेकेदार ने अपनी दबंगई दिखाते हुए प्रतिबंधित भूमि पर स्टोन क्रेशर लगाकर संचालित कर रहा है. स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि क्रेशर लगाने वाली भूमि छोटे बड़े झाड़ के जंगल के नाम पर दर्ज भूमि है. ठेकेदार के द्वारा पर्यावरण नियमों,लीज एरिया और ग्राम पंचायत के प्रस्ताव राजस्व विभाग खनिज विभाग के बिना अनुमति के स्टोन क्रेशर लगाना पर्यावरण को नुकसान और नियमों की सीधी अवहेलना है।

## » खनिज एवं राजस्व विभाग की बड़ी कार्यवाही,पैनारी में शिवानी कंस्ट्रक्शन द्वारा संचालित अवैध स्टोन क्रशर सील

## » शिवानी कंस्ट्रक्शन के विरुद्ध उत्खनन समेत अवैध भंडारण का केस दर्ज







-विशेष संवाददाता-
एमसीबी,19 नवम्बर 2024
(घटती-घटना)।

दैनिक घटती-घटना खबर कब बड़ा असर, दैनिक घटती-घटना के द्वारा अवैध तरीके से केसर संचालन की खबर बड़ी प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था, जिसके बाद प्रशासन के द्वारा बड़ी कार्यवाही करते हुए अवैध क्रशर को सील कर दिया वहीं अवैध भंडारण का केस दर्ज कर बड़ी कार्रवाई की है।

विगत दिवस कलेक्टर के निर्देश पर खनिज एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा ग्राम पैनारी,तहसील खड़गवा में शासकीय भूमि पर संचालित अवैध क्रशर को सीलबंद किया गया है। ज्ञात हो कि ग्राम पैनारी,तहसील खड़गवां स्थित शासकीय भूमि खसरा न.1109 रकबा 1.81 हेक्टेयर भूमि, मद छोटे झाड़ के जंगल पर ठेकेदार शिवानी कंस्ट्रक्शन अंबिकापुर द्वारा बिना वैध अनुमति के क्रशर स्थापित कर पत्थर क्रशिंग का कार्य किया जा रहा था। ग्रामीणों द्वारा इसकी शिकायत की गई थी। संज्ञान में आने के बाद खनिज और राजस्व विभाग के द्वारा त्वरित कार्यवाही की गई है। कार्यवाही के दौरान अवैध रूप से स्थापित क्रशर क्षेत्र में लगभग 14 ट्रैक्टर ट्रॉली बोल्डर और गिट्टी भंडारित किया जाना पाया गया साथ ही साथ शिवानी कंस्ट्रक्शन के द्वारा लगभग 6300 घन मीटर मिट्टी, मुरूम भी अवैध उत्खनन किया जाना पाया गया है। जिससे खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 के तहत अवैध उत्खनन का केस दर्ज किया गया है। मौके पर छत्तीसगढ़ खनिज (खनन, परिवहन तथा भंडारण) नियम 2009 के तहत क्रशर को सीलबंद किया गया है, उक्त बड़ी कार्यवाही में शशि शेखर मिश्रा तहसीलदार खड़गवां, आदित्य मानकर खनिज निरीक्षक, पटवारी सूरज कुमार, पुलिस विभाग विद्युत विभाग, कोटवार एवं अन्य ग्रामीण शामिल रहे। बिना अनुमति छोटे झाड़ मद की शासकीय भूमि पर अतिक्रमण का मामला होने के कारण क्रशर के विद्युत कनेक्शन को विच्छेदित करते हुए राजस्व विभाग द्वारा स्थल पर स्थापित जनरेटर, पैनल, मोटर कंप्रेशर मशीन को जप्त कर एवं मौके से हटाया जाकर सुरक्षार्थ कोड़ा पुलिस चौकी में रखा गया है।

### अधिकारियों को कहा मत परेशान हो कुछ कर नहीं पाएंगे, 2 दिन बाद खुद दौड़े-दौड़े खोलने आएंगे:सूत्र

सूत्रों का कहना की मौके पर उपस्थित लोगों से मिली जानकारी के अनुसार ठेकेदार अपने आप को सत्ता पक्ष का बड़ा ताकतवर नेता बता रहा है, अधिकारियों से कह रहा था कि मत परेशान होइए कुछ कर नहीं पाएंगे,2 दिन बाद खुद दौड़े-दौड़े खोलने आएंगे, कब यह बात किस मंत्री के दम पर कह रहा था इस बात का खुलासा तो नहीं हुआ पर जल्द ही घटती-घटना इसका खोलासा करेगा,मौके पर वह किसी प्रभारी मंत्री का खास आदमी बता रहा था और कहता है कि उनके आशीर्वाद से मैं आज यहां तक पहुंचा हूं,देश सेवा कर रहा हूं देश का विकास कार्य कर रहा हूं, ऐसे अधिकारी कर्मचारी बहुत देखे हैं प्लांटों में आते-जाते रहते है, ठेकेदार का अहंकार सातवें आसमान पर था क्या यही कारण है कि बिना ग्राम पंचायत के प्रस्ताव के बिना पंचायत में दिलेरी से क्रेशर लगा लिया नहीं जमीन का डायवर्सन कराया नहीं तहसीलदार से आनापति प्रमाण पत्र लिया नहीं और ना ही लिया वन विभाग से की अनापत्ति है और संचालन शुरू कर दिया? जलवायु की अनापत्ति भी पर्यावरण विभाग से लेनी पड़ती है इसके द्वारा उसे भी नहीं लिया गया नहीं पत्थर का टेस्ट कराया गया है ना ही दिया और सिया का परमिशन लिया गया है, छोटे-छोटे ईंट भट्ठे क्षेत्र में यदि संचालित होते हैं, तो खनिज विभाग तत्काल कार्यवाही करता है क्षेत्र के अन्य राजस्व के अधिकारी भी सक्रिय रहते हैं लेकिन या ठेकेदार बिना किसी अनुमति के कैसे करोड़ों रुपए लगाकर क्रेशर संचालन करने लग गया, नहीं बैंक से लोन लिया गया है ना ही उक्त उद्योग विभाग में मशीन संचालन पंजीयन कराया गया है, आखिर किस के सह पर इतना बड़ा प्लांट लगाया जा रहा था समझ से परे है।

### क्या मंत्री का आदमी है तो इसके लिए कोई नियम-कानून नहीं है?

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार ठेकेदार उन्हें भी धमकाता है मंत्री तक पहुंच होना बताता है स्थानीय प्रशासन को कहीं-कहीं से फोन भी करवाता है और बहुत दिखाती है मौके पर मिली जानकारी के अनुसार जिस पुल को वह निर्माण कर रहे हैं, उसका फाउंडेशन भी बढ़िया नहीं बनाया गया है गहराई तक नहीं खोदा गया है और उसमें 20 एमएम गिट्टी की जगह बड़े-बड़े बॉर्डर डालकर ठेकेदार जनता के बेस कीमती पैसे को लूटता दिख रहा है, देखना यह है कि वास्तव में या भ्रष्टाचारी ठेकेदार का किसी मंत्री विधायक से आशीर्वाद प्राप्त है? यदि प्राप्त है तो फिर यह छोटे झाड़ बड़े झाड़ के जंगल में बिना किसी अनुमति के क्रेशर का संचालन कर लेगा, क्या यह मंत्री का आदमी है तो इसके लिए कोई नियम कानून नहीं है? आमजन यदि क्रशर संचालक करना चाहे तो उसे ग्राम पंचायत का प्रस्ताव लेने में ही एड़ी चोटी का बाल लगाना पड़ता है बाकी अनापत्तियां तो बाद की बात है आखिर यह मंत्री का आदमी किसके इशारे पर इतना बड़ा लागत का क्रेशर लगा डाला देखना यह है कि वास्तव में या मंत्री का आदमी है या फिर सिर्फ फर्जी बातें करके लोगों में दहशत बनाने का काम कर रहा है।

## विधायक रेणुका के विधायक प्रतिनिधि ने मालवाहक में लिखवा दिया था विधायक प्रतिनिधि

पूर्व विधायक कमरो ने सोशल मीडिया में पोस्ट किया फ़ोटो तो हट गया था विधायक प्रतिनिधि का बोर्ड





Gulab kamro
31m
एक बार फिर दिखा काल्पनिक सीएम दीदी रेणुका सिंह के क्षेत्र में विष्णु का कुशासन

मालवाहक गाड़ी में भी भाजपा विधायक के प्रतिनिधि नम्बर प्लेट के ऊपर विधायक प्रतिनिधि लिखवा कर चल रहे है।

कही विधायक प्रतिनिधि लिखे हुए इस मालवाहक गाड़ी से किसी बड़े अवैध काम तो नहीं हो रहे है।

पुलिस को ऐसे वाहनों की सघन जांच करनी चहिए।

Highlight
@top fans
Indian National Congress - Chhattisgarh

-संवाददाता-
मनेन्द्रगढ़,19 नवम्बर 2024
(घटती-घटना)।

आपने अब तक वाहनों में ही विधायक प्रतिनिधि, सांसद प्रतिनिधि पदनाम वाले बोर्ड ही देखे होंगे। लेकिन भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक रेणुका सिंह ने अपने विधानसभा क्षेत्र के स्कूलों में सैकड़ो विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किये है उनमें से एक विधायक प्रतिनिधि ने अपने मालवाहक वाहन महिंद्रा पिकअप में विधायक प्रतिनिधि का बोर्ड लगवाया जिसकी फ़ोटो सोशल मीडिया में मंगलवार को जमकर वायरल हुई। भरतपुर सोनहत विधानसभा से पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने भी सोशल मीडिया में विधायक प्रतिनिधि लिखे हुए मालवाहक की फ़ोटो पोस्ट करते हुए लिखा कि, एक बार फिर दिखा काल्पनिक सीएम दीदी रेणुका सिंह के क्षेत्र में विष्णु का कुशासन मालवाहक गाड़ी में भी भाजपा विधायक के प्रतिनिधि नम्बर प्लेट के ऊपर विधायक प्रतिनिधि लिखवा कर चल रहे है। कही विधायक प्रतिनिधि लिखे हुए इस मालवाहक गाड़ी से किसी बड़े अवैध काम तो नहीं हो रहे है। पुलिस को ऐसे वाहनों की सघन जांच करनी चहिए। पूर्व विधायक की यह पोस्ट सोशल मीडिया में वायरल हुई और विधायक प्रतिनिधि ने अपने मालवाहक से विधायक प्रतिनिधि का बोर्ड उतार लिया। लेकिन यहां बड़ी बात यह है कि अपने प्रतिनिधि नियुक्त करने वाले विधायक क्या अपने कार्यकर्ताओं को ये नसीहत नही देते है कि इस पद का उपयोग जिस जगह के लिए प्रतिनिधि नियुक्त किया है वहां करे न कि मालवाहक में।

### ऐसे पहुचे मालिक तक

पड़ताल में यह बात पता चली की अब तक उक्त वाहन सीजी 16 सीएस 8753 का आरटीओ कोरिया में कोई रिकार्ड नहीं है। आरटीओ अधिकारी कोरिया अनिल भगत से जब हमने उक्त वाहन किस नाम से रजिस्टर्ड है पता करना चाहा तो उन्होंने बताया कि अभी इसके डाक्यूमेंट हमारे पास नही है। विभाग की वेबसाइट में वाहन मालिक का नाम शो नहीं हो रहा है। इसके बाद पत्रकार ने जहा से वाहन खरीदी की गई स्टार ऑटोमोबाइल्स से सम्पर्क किया तो उन्होंने वाहन मालिक का नाम पता और मोबाइल नम्बर उपलब्ध कराया। जिमसे वाहन मालिक का नाम अनमोल केशरवानी पता चनवारीडांड मनेन्द्रगढ़ बताया।

### वाहन मालिक निकला भरतपुर सोनहत विधायक का प्रतिनिधि

जब अनमोल केशरवानी से सम्पर्क किया तो उसने बताया कि मेरे पिता ललित कुमार केशरवानी विधायक रेणुका सिंह के विधायक प्रतिनिधि है। और भाजपा व्यवसायी प्रकोष्ठ मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर जिले के जिला सह संयोजक है। इस कारण उसने मालवाहक में विधायक प्रतिनिधि लिखवा दिया था, लेकिन जब फ़ोटो सोशल मीडिया में वायरल हुई तो भाजपा नेताओं के फोन आने लगे और बोर्ड को हटाने के लिए कहा तो हमने अब बोर्ड हटा दिया है।

## मेहनत तो हम करेंगे नहीं बैठे-बैठे जो मिलेगा वही हम ग्रहण करेंगे...वरिष्ठ नेताओं की सोच

» सत्ता का सुख तो हम लेंगे,पर विपक्ष में मुंह बंद रखेंगे...पार्टी का कार्यक्रम कोई अटेंड नहीं करेंगे...सत्ता का सुख पूरा लेंगे
» अपने कार्यालय से राजनीति करेंगे पर जिले व प्रदेश के कार्यक्रम में उपस्थित नहीं होंगे...सत्ता आएगी तो चेहरे पर चमक भी आएगी
» राजनीति का उपयोग कहे या दुरुपयोग हमें खूब करना आता है क्योंकि हमें राजनीति का समीकरण बैठाने आता

-रवि सिंह-
कोरिया,19 नवम्बर 2024
(घटती-घटना)।




कोरिया जिले में राजनीति की बात की जाए तो कितनी निम्न स्तर की हो चुकी है, इसका कोई अंदाजा नहीं लगाया जा सकता,इसकी कोई सीमा भी नहीं बची है, शर्म तो है ही नहीं, क्योंकि राजनीति तो अपने लाभ के लिए आती है, अब लाभ के लिए की गई राजनीति से कितना शर्म की हो उम्मीद, यह है नेताओं की राजनीति लक्ष्य की प्रकाष्ठा। सत्ता रहेगी तो उसका सुख तो हम पूरा लेंगे पर जब सत्ता जाएगी तो हम विपक्ष की भूमिका में मुंह नही खोलेंगे, फिर सत्ता मिली तो हम ही तो दिलाए हैं फिर हम लाभ उठाएंगे, पर हम पार्टी के लिए सच्चे सिपाही का काम नहीं करेंगे, हमारी जिम्मेदारी कार्यालय से राजनीति करने की है, पार्टी के कार्यक्रम में शिरकत करने या उपस्थिति दर्ज करने की जिम्मेदारी नहीं। उम्र भले ज्यादा है पर राजनीति का तजुर्बा उससे भी ज्यादा,राजनीति के तजुर्बे में हमने सिर्फ लाभ की उम्मीद की है, बाकी सब तो पार्टी के झंडा ढोने वाली की जिम्मेदारी है। विपक्ष में जो झंडा ढोएगा, जो विरोध करेगा, उसकी सत्ता में पूछ नहीं है हमें तो राजनीति आती है, सत्ता का उपयोग करना आता है, हम तो लाभ काम आएंगे। नेता हैं हम दूजे किस्म के जैसा चाहेंगे वैसा करेंगे हम तो वरिष्ठ हैं अपनी मनमर्जी तो चलाएंगे। कौन रोकेगा हमें यह भी हम नगर पंचायत चुनाव में देखेंगे, अपनी तो हुकूमत बनी हुई है, हम ही पार्षद प्रत्याशी चुनेंगे, हम ही होंगे अध्यक्ष के दावेदार, नहीं तो अपना अध्यक्ष उतरेंगे। कांग्रेसियों के साथ मिलकर अपना जन्म दिवस मनाएंगे, भाजपा के विधायक आए या ना आए, जिलाध्यक्ष आए या ना आए, हम तो जन्मदिन मनाएंगे, हमारी उपलब्धि इतनी है कि हम समय के साथ सब कुछ मैनेज कर लेंगे, क्योंकि हमें ही है सत्ता का ज्ञान और हमें ही है आपको अपने मुट्ठी में करने का अनुभव हैं, हम तो अपना मनमर्जी चलाएंगे। हमारी तो एक ही जिद है राजनीति उन लोगों को सिखाएंगे, जो मेहनत करके गला फाड़ के झंडा ढोके नहीं पाए और हम बैठे-बैठे सब पा कर दिखाएंगे। अपने क्षेत्र की राजनीति में हम तो माहिर हैं 10 पार्षदों को टिकट हम ही तय करेंगे, यह तो सबको पता है इसीलिए हाजिरी भी लोग हमारे पास ही लगाएंगे, नहीं लगी हाजिरी तो टिकट से अपना अधिकार गवाएंगे, तानाशाह तो नहीं है हम, पर तानाशाह से काम भी नहीं, राजनीति तो हमें आती है हम तुम्हें सिखाएंगे नहीं। समाज को मिलाकर राजनीति करेंगे, फिर नगर सरकार बनाएंगे और कार्यालय से बैठकर सारा संचालन करेंगे, हार गए तो जिम्मेदारी पार्टी की जीत गए तो हमारी। कांग्रेस के युवाओं को हम अपना बताएंगे, भाजपा के युवाओं तो तुम अपनी देख लो हम तो कांग्रेस की युवाओं के साथ मिलकर नगर सरकार बनाएंगे।

### नवोदय विद्यालय कोरबा में परमाणु ऊर्जा विषय पर कार्यक्रम हुआ आयोजित

-संवाददाता-
कोरबा,19 नवम्बर 2024
(घटती-घटना)।



सलोरा स्थानीय पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय सलोरा में आयोजित एक कार्यक्रम में भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) के वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. श्याम सुंदर और डॉ. अरुण कुमार ने परमाणु ऊर्जा और इसकी शांतिपूर्ण उपयोग पर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में भारत की प्रगति और इसके शांतिपूर्ण उपयोग के बारे में जानकारी प्रदान करना था। डॉ. श्याम सुंदर और डॉ. अरुण कुमार ने परमाणु ऊर्जा के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की, जिनमें इसके उपयोग, लाभ और चुनौतियाँ शामिल हैं। कार्यक्रम में 527 छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और परमाणु ऊर्जा के बारे में अपने सवाल पूछे। डॉ. श्याम सुंदर और डॉ. अरुण कुमार ने छात्रों के सवालों का जवाब देते हुए परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में अपने अनुभव साझा किए। इस कार्यक्रम का आयोजन छात्रों को परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रेरित करने के लिए किया गया था। डॉ. श्याम सुंदर और डॉ. अरुण कुमार ने छात्रों को इस क्षेत्र में अपने करियर की संभावनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की।

### श्रद्धालुओ के आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर ने जारी किया आदेश

-बागी कलम-
अनूपपुर 19 नवम्बर 2024
(घटती-घटना)।

पूर्व में 06 जून 2024 को जारी आदेशानुसार जिला अनूपपुर मुख्यालय एवं कोतमा के मुख्य मार्गो पर ट्राफिक का दबाव अधिक रहने के कारण 06 चक्के या 06 चक्के से अधिक सभी प्रकार के भारी वाहनों का संचालन प्रातः 6.00 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक कलेक्टर द्वारा प्रतिबंधित किया गया है। इसी परिपेक्ष्य में 19 से 27 नवंबर 2024 तक अनूपपुर-अमरकंटक रोड़, चंदास नदी के पास श्रीराम कथा आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर ने एक नवीन आदेश जारी किया है जिसके अनुसार श्रीराम कथा मे श्रद्धालुओं के देर रात्रि तक आवागमन बना रहने से श्रीराम कथा आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए दिनांक 19/11/2024 से दिनांक 27/11/2024 तक जिला मुख्यालय अनूपपुर में 06 चक्के या 06 चक्के से अधिक सभी प्रकार के भारी वाहनों का संचालन प्रातः




6.00 बजे से रात्रि 12.00 बजे तक प्रतिबंधित किया गया है। दिनांक 28/11/2024 से कार्यालयीन आदेश क्रमांक-2291/आरडीएम/नो एण्ट्री/2024 दिनांक 06 जून 2024 द्वारा जारी प्रतिबंधक आदेश का समय प्रातः 6.00 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक यथावत रहेगा। जिला परिवहन अधिकारी अनूपपुर एवं जिला यातायात प्रभारी अनूपपुर को आदेश का कड़ाई से पालन कराया जाने के निर्देश दिए गए हैं।

**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202407020700145**

विषयः-अ-6 मामले की श्रेणीः-राजस्व सन्:-2023-24
गंगापुरखुर्द प.ह.नं. 00021(213/1(0.0320(हे.)
पक्षकारों का विवरणः-
आवेदक पक्षकार-श्रीमती मीना बाई,
अनावेदक पक्षकार-विरभद्र प्रसाद

**ईश्तहार**

आवेदिका श्रीमती मीना बाई पत्नी श्रवण कुमार, निवासी ग्राम पोपरेंगा, तहसील बतौली, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम गंगापुरखुर्द स्थित खसरा नंबर 213/1 में से रकबा 0.032 हे0 भूमि को पंजीबद्ध विक्रयपत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। राजस्व अभिलेखों से मृत भूमि स्वामी स्व0 अजीत यादव का नाम विलोपित कर फौती नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 09/12/2024 के पुर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावाआपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18/11/2024 को जारी किया जाता हैं।

(सील) तहसीलदार
अंबिकापुर

## खेल की संक्षिप्त खबरें

### सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफ़ी के लिए बंगाल की टीम में शामिल मोहम्मद शमी



**नईदिल्ली, 19 नवंबर 2024 ।** लगभग एक साल की लंबे चोट के बाद रणजी ट्रॉफ़ी में बेहतरीन वापसी करने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफ़ी के लिए बंगाल की टीम में नामित किया गया है। यह टूर्नामेंट 23 नवंबर से शुरू हो रहा है, और बंगाल का पहला मुक़ाबला पंजाब के ख़िलाफ़ होगा।

### यश दयाल बैकअप के तौर पर भारतीय टीम में शामिल



**नईदिल्ली, 19 नवंबर 2024 ।** उत्तर प्रदेश के तेज गेंदबाज यश दयाल को बैकअप खिलाड़ी के तौर पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टीम में शामिल किया गया है। तेज गेंदबाज के पिता चंद्रपाल दयाल ने मंगलवार को  को बताया।
चंद्रपाल ने खुलासा किया कि पिछले सप्ताह जब यश दक्षिण अफ्रीका में टी20 सीरीज के लिए गए थे, तब उन्हें टीम में शामिल होने के लिए बुलाया गया था और वह 17 नवंबर को टीम में शामिल हुए थे। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि उनका बेटा इस बहुप्रतीक्षित सीरीज में पदार्पण करेगा।
चंद्रपाल ने  को फोन पर बताया, यश को - जब वह दक्षिण अफ्रीका में टी20 टीम के साथ थे - फोन आया कि उन्हें ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट टीम में शामिल होना होगा। इसलिए वह 17 नवंबर को वहां गए। वह बैकअप के तौर पर गए हैं।

# भारत और ऑस्ट्रेलिया मुकाबला 22 नवम्बर को

### » पहले टेस्ट में इस प्लेइंग इलेवन के साथ उतर सकती है टीम इंडिया

**पर्थ, 19 नवंबर 2024 ।**भारतीय टीम की अग्निपरीक्षा अब करीब है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाली टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला पर्थ में 22 नवंबर से खेला जाएगा। भारतीय टीम के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा कभी भी आसान नहीं रहा है। इस बार भी तमाम तरह की दुश्वारियां हैं, जिनसे पार पाना होगा। इस बीच समझ लेना चाहिए कि पहले टेस्ट में टीम इंडिया रोहित शर्मा और शुभमन गिल की गैरमौजूदगी में किस प्लेइंग इलेवन के साथ मैदान में उतर सकती है।
भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया सीरीज के पहले टेस्ट में रोहित शर्मा नहीं होंगे। माना जा रहा है कि वे दूसरे टेस्ट तक ऑस्ट्रेलिया पहुंच जाएंगे। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही है कि यशस्वी जायसवाल के साथ कौन सा बल्लेबाज होगा, जो उनके साथ ओपनिंग करता हुआ नजर आएगा। इसमें अभी की बात करें तो सबसे प्रबल दावेदार केएल राहुल को माना जा रहा है। वैसे तो अभिमन्यु ईश्वरन का भी नाम है, लेकिन अभी उनका फार्म कुछ खास नहीं है। वैसे तो केएल राहुल के बल्ले से भी रन नहीं बन रहे हैं, लेकिन अनुभव का फायदा केएल राहुल को मिल सकता है और पूरी संभावना है कि वे बाजी मार ले जाएंगे।

### विराट कोहली पर होगी सीरीज के दौरान काफी जिम्मेदारी

इसके बाद तीन नंबर पर विराट कोहली का आना पक्का है। इससे पहले उनकी जगह को लेकर छेड़छाड़ की गई थी, जो फायदे का सौदा साबित नहीं हुई। विराट कोहली का तीसरे नंबर पर आना ही सही रहेगा। क्योंकि वे इस टेस्ट टीम के सबसे अनुभवी खिलाड़ी हैं। इस बार ऑस्ट्रेलियाई टीम अगर किसी भारतीय खिलाड़ी से खौफ में है, तो वे विराट कोहली ही हैं। वे अगर चल गए तो बाकी टीम उनके इर्द गिर्द खेलकर मैच में बढ़त बनाने की कोशिश कर सकती है।



### शुभमन की जगह देवदत्त पडिक्कल की हो सकती है एंट्री

शुभमन गिल चोटिल हो गए हैं। वे भी पहला मैच मिस करते हुए नजर आएंगे। ऐसे में माना जा रहा है कि देवदत्त पडिक्कल को उनकी जगह मौका दिया जा सकता है। देवदत्त ने अभी तक एक ही टेस्ट मैच खेला है, उसमें वे ठीकठाक प्रदर्शन करने में कामयाब रहे थे, लेकिन अब उन्हें दूसरा मौका मिलने की पूरी संभावना है, जिसका फायदा उन्हें उठाना होगा। इसके बाद ऋषभ पंत भी प्लेइंग इलेवन का हिस्सा रहेंगे। बात अगर इसके बाद की करें तो ध्रुव जुरेल को भी मौका दिया जा सकता है। उन्होंने हाल ही में भारत ए की ओर से ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी की थी, उसी के चलते उनका दावा मजबूत माना जा रहा है। टीम में ऑलराउंडर के तौर पर रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन को मौका यिा जा सकता है। हालांकि ये देखना होगा कि पिच किसकी मददगार होगी। अगर पेसर्स के लिए मदद पिच में मिली तो नितीश कुमार रेड्डी टेस्ट डेब्यू करते हुए नजर आ सकते हैं। इससे जडेजा और अश्विन में से किसी एक को बाहर का रास्ता दिखाया जा सकता है।

### जसप्रीत बुमराह पर होगी दोहरी जिम्मेदारी,कप्तानी भी वही करेंगे...

तेज गेंदबाजी आक्रमण की जिम्मेदारी जसप्रीत बुमराह पर होगी। वे इस मैच में रोहित शर्मा की गैरहाजिरी में कप्तानी भी करते हुए दिखाई देंगे। उनके साथ मोहम्मद सिराज, आकाश दीप और हर्षित राणा को मौका दिया जा सकता है। हर्षित राणा काफी वक्त से टीम इंडिया के साथ ट्रेवल कर रहे हैं, लेकिन अब लगता है कि वो दिन करीब है, जब वे भारत की ओर से पहला मैच खेलते हुए यानी डेब्यू करते हुए दिखाई दें।
ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में भारत की संभावित प्लेइंग इलेवन- यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल, ऋषभ पंत, ध्रुव जुरेल, रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, जसप्रीत बुमराह (कप्तान), मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, हर्षित राणा।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम घोषित

**नईदिल्ली, 19 नवंबर 2024 ।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम को वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है।5 दिसंबर, 2024 से शुरू होने वाले 3 मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने टीम घोषित की है।शफाली वर्मा को इस सीरीज के लिए नहीं चुना गया है। उनके साथ-साथ श्रेयंका पाटिल भी टीम में अपनी जगह नहीं बना सकी हैं।
ऑस्ट्रेलिया जाने वाले भारतीय दल में हरलीन की वापसी होगी, जिन्होंने दिसंबर 2023 में भारत के लिए अपना आखिरी मैच खेला था।देओल को गुजरात जायंट्स के लिए खेलते समय घुटने में चोट लग गई थी, जिसके कारण वह इस साल डब्ल्यूपीएल में सिर्फ 3 मैचों में ही खेल पाई थी।इसके साथ-साथ ऋचा घोष ने टीम में वापसी की है, जो अपनी ग्रेड 12 की बोर्ड परीक्षाओं के कारण न्यूजीलैंड श्रृंखला से चूक गई थीं।
लेग स्पिनर आशा शोभना और तेज गेंदबाज पूजा वस्त्रकार भी ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए नहीं चुनी गई हैं। ये दोनों खिलाड़ी टी-20 विश्व कप के दौरान चोटिल हो गई थी।चयनकर्ताओं ने मिन्नू मनी को भी वनडे टीम में पहली बार शामिल किया है, जबकि तेज गेंदबाज तीतास साधु को भी टीम में जगह मिली है।20 वर्षीय साधु पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज में वनडे टीम की सदस्य नहीं थीं। सीरीज के पहले 2 वनडे मैच क्रमशः 5 और 8 दिसंबर को ब्रिसबेन के एलन बॉर्डर फील्ड में खेले जाएंगे, जिसके बाद सीरीज का आखिरी मैच पर्थ के वाका ग्राउंड में 11 दिसंबर को खेला जाएगा।वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीमः हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), प्रिया पुनिया, जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देओल, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), तेजल हसब्निस, दीप्ति शर्मा, मिन्नू मणि, प्रिया मिश्रा, राधा यादव, तितास साधु, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर और साइमा ठाकोर।





### डेनमार्क ने क्वार्टरफाइनल लाइन-अप पूरा किया

**नईदिल्ली, 19 नवंबर 2024 ।** जोस्को ग्वार्डियोल ने दूसरे हाफ में बराबरी का गोल किया, जिससे क्रोएशिया ने पुर्तगाल के साथ यूएफा नेशंस लीग के घरेलू मैच में 1-1 से ड्रा हासिल कर क्वार्टरफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। डिफेंडर ने 65वें मिनट में गोल करके जोआओ फेलिक्स के पहले हाफ के ओपनर को रद्द कर दिया, जो एक उच्च गुणवत्ता वाला मुकाबला था। फेलिक्स के शानदार फिनिश ने पुर्तगाल को 33वें मिनट में बढ़त दिला दी, लेकिन ज़्लाटको डालिक के प्रतिस्थापन ने मेजबान टीम को दूसरे हाफ में वापसी करने के लिए प्रेरित किया। क्रिस्टिजन जैकिक के बेहतरीन क्रॉस ने 65वें मिनट में ग्वार्डियोल को फार पोस्ट पर पाया और डिफेंडर के आत्मविश्वास से भरे फिनिश ने क्वालीफिकेशन को फिर से उनके हाथों में पहुंचा दिया।

# मलेशिया से ड्रा खेलकर जीतरहित रहा भारत

**हैदराबाद ,19 नवंबर 2024 ।** भारतीय फुटबॉल प्रशंसकों को राष्ट्रीय पुरुष टीम के मनोलो मार्क्वेज के नेतृत्व में अपना पहला मैच जीतने के लिए मार्च तक इंतजार करना होगा, क्योंकि मेजबान टीम को सोमवार को यहां गाचीबावली स्टेडियम में मलेशिया के विरुद्ध 1-1 से ड्रा करना पड़ा।



मैच के शुरुआती क्षणों में भारत अपनी स्थिति मजबूत कर रहा था, लेकिन कप्तान गुरप्रीत सिंह संधू की शुरुआती गलती के कारण गोल पर मिले फ्री पास पर पाउलो जोसु ने गोल कर मेहमान टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी, इससे पहले राहुल भेके ने ब्रैंडन फर्नांडिस द्वारा लिए गए कॉर्नर से बराबरी का गोल किया, जिन्हें मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी से सम्मानित किया गया और टीमों को बराबरी पर ला दिया। मैच के 19 वें मिनट में मलेशिया के आजम आजमी मुराद ने गेंद को क्लीयर किया, जिसे गोलकीपर गुरप्रीत ने क्लीयर करने के प्रयास में बाहर की ओर दौड़ लगाई। उनकी गलत समझ के कारण गेंद आने वाले पाउलो के पैरों तक पहुंच गई, जिन्होंने बिना किसी गलती के इसे इसे गोल में पहुंचा दिया। भारत ने इसके बाद विपक्षी गोल पर हमला करना बंद नहीं किया और अधिकांश हमले विंग्स से किए गए, जिसमें लालियानजुआला चांगटे उत्प्रेरक की भूमिका में थे। 39वें मिनट में रणनीति कारगर साबित हुई, जब ब्रैंडन ने कॉर्नर लेने के लिए कदम बढ़ाया, जिसे चांगटे ने जीता और एक शानदार गेंद डाली, लेकिन भेके ने गेंद को नेट में पहुंचा दिया।मलेशिया ने दूसरे 45 मिनट में बेहतर मौके बनाए, लेकिन भारत ने अपने कब्जे का उचित हिस्सा बनाए रखा और दोनों पक्षों को कोई मौका नहीं मिला, जिससे मैच 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ।



### शेफाली वर्मा आस्ट्रेलिया दौरे के लिये भारतीय वनडे टीम से बाहर

**नयी दिल्ली,19 नवंबर 2024 ।** खराब फॉर्म से जूझ रही शीर्षक्रम की बल्लेबाज शेफाली वर्मा को दिसंबर में आस्ट्रेलिया में तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिये भारत की 16 सदस्यीय टीम में जगह नहीं मिली है। बीस वर्ष की शेफाली ने इस साल छह मैचों में सिर्फ 108 रन बनाये और उनका सर्वोच्च स्कोर 33 रन रहा है। उन्हें पिछले साल दिसंबर में आस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू वनडे श्रृंखला के दौरान बीच में ही बाहर कर दिया गया था लेकिन उन्होंने इस साल जून में बेंगलुरू में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वापसी की।

# शतरंज खिलाड़ी ब्रिस्टी मुखर्जी ने छुए ग्रैंडमास्टर कार्लसन के पैर

**नईदिल्ली,19 नवंबर 2024 ।** इन दिनों महिला शतरंज खिलाड़ी ब्रिस्टी मुखर्जी काफी चर्चा में है। दरअसल, ब्रिस्टी मुखर्जी ने भारतीय संस्कृति और परंपरा की झलक दिखाते हुए पूरे देश नहीं बल्कि दुनिया का दिल जीत लिया है। साथ ही ब्रिस्टी ने खेल भावना का भी बेहतरीन उदाहरण दिया है। टाटा स्टील शतरंज में ऑल इंडिया विमेन रैपिड चैंपियन बनीं ब्रिस्टी को दुनिया के नंबर एक शतरंज खिलाड़ी नॉर्वे मैग्नस कार्लसन ने ट्रॉफी सौंपी तो ब्रिस्टी ने उनके पैर छुए। कार्लसन को पहले कुछ समझ नहीं आया और खिलाड़ी को पैर छूकर आशीर्वाद लेते देख उन्हें अपनी आंखों पर विश्वास नहीं हुआ। इस पर उनकी प्रतिक्रिया दिल जीत लेने वाली थी। कार्लसन पहले तो मुस्कुराए और फिर शर्माने लगे। उनका वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।



# राकेश रोशन का फिल्मों से रिटायरमेंट का ऐलान



### बेटे ऋतिक रोशन की कृष 4 पर कही ऐसी बात कि खिल जाएंगी बांछे

दिग्गज फिल्ममेकर राकेश रोशन अपनी फिल्मों में व्यस्त हैं। अपने हालिया इंटरव्यू में उन्होंने पुष्टि की कि वह अपने बैनर फिल्मक्राफ्ट प्रोडक्शंस के तहत बेटे ऋतिक रोशन की सुपरहीरो फिल्म कृष 4 बनाएंगे लेकिन उन्होंने डायरेक्शन छोड़ने का फैसला किया है। राकेश रोशन ने कृष 4 पर भी बड़ा अपडेट शेयर किया। राकेश रोशन ने कहा, मुझे नहीं लगता कि मैं आगे कोई निर्देशन करूंगा। लेकिन मैं निश्चित रूप से जल्द ही कृष 4 की घोषणा करूंगा। इस साल की शुरुआत में, ऋतिक के बैंग बैंग, वॉर और फाइटर के निर्देशक सिद्धार्थ आनंद ने ऋतिक रोशन के एक फैन की पोस्ट पर कमेंट किया था। उसने कृष की फोटो शेयर की और लिखा, वह वापस आ रहा है। इस पर सिद्धार्थ ने कहा- हां वो आ रहा है। फैंस तब से सोच रहे थे कि क्या राकेश रोशन इस फिल्म का डायरेक्शन करेंगे।

राकेश रोशन की कृष 4

राकेश ने 2003 में फिल्म कोई मिल गया के साथ फ्रेंचाइजी की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने 2006 में कृष के साथ इसे एक सुपरहीरो फ्रेंचाइजी में बदल दिया, इसके बाद 2013 में कृष 3 के साथ इसे बनाया। ऋतिक ने रोहित और उनके बेटे कृष्णा उर्फ कृष दोनों का रोल किया। जहां कोई मिल गया में ऋतिक के साथ प्रीति जिंटा को कास्ट किया गया था, वहीं प्रियंका ने कृष के दोनों पार्ट्स में काम किया।



# सुनील शेट्टी ने पानी में लगाई आग

### शर्टलेस अवतार और एब्स देख दंग हुए फैंस, लोग बोले- रहम करो अन्ना

आजकल आपने वो लाइन जरूर सुनी होगी, जिसमें लोग कहते हैं कि उम्र तो सिर्फ नंबर है। इसका ताजा उदाहरण सुनील शेट्टी हैं। जिन्होंने इस लाइन को बिना कहे, साबित कर दिया है कि वाकई एज इज जस्ट अ नंबर। एक्टर ने इंस्टाग्राम पर अपनी दो लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह अपनी बॉडी फ्लॉन्ट कर रहे हैं। उनका शर्टलेस अवतार देख हर कोई उनकी तारीफ कर रहा है। इस उम्र में भी खुद को इतना मेनटेन रखने के लिए वाहवाही कर रहा है।
एक्टर के दो बच्चे हैं। बेटी अथिया की शादी हो चुकी है और अब वह नाना भी बनने जा रहे हैं। वहीं, बेटा अहान भी बड़ा है। बस अभी कुंवारा है। मगर पिता होने के बावजूद, सुनील शेट्टी उनके बड़े भाई लगते हैं। 64 की उम्र में हेरा फेरी के श्याम का ये अवतार देखकर हर कोई उनका दीवाना हो रहा है। लंबी-चौड़ी कद काठी को उन्होंने बूढ़ा नहीं होने दिया। उनके आगे तो अब रणवीर-ऋतिक भी फीके पड़ गए हैं। पहली तस्वीरे में सुनील शेट्टी शावर के नीचे नहा रहे हैं। उनके सिर पर से पानी नीचे आ रहा है और वह दोनों हाथों से बाल को पीछे कर रहे हैं। वहीं, दूसरी तस्वीर में वह हैंड शावर से अपने ऊपर पानी डाल रहे हैं और पोज दे रहे हैं। इसमें उनके एब्स भी दिखाई दे रहे हैं, जिसे देखकर यकीन नहीं हो रहा कि वह 64 के हैं। कैप्शन में लिखा, अपने उम्र के मिथक को धो दीजिए। सुनील शेट्टी की फोटो देख हेयरस्टाइलिस्ट आलिम खान ने लिखा, पानी में आग। एक्टर के फैनपेज से लिखा गया, मैं तब भी जवान खा। मैं अब भी जवान हूं। एक यूजर ने लिखा, इस उम्र में ऐसी फिटनेस। एक ने लिखा, मैं आपकी फिटनेस को शब्दों में बयां नहीं कर सकता। एक्टर बख्तियार ने लिखा, अन्ना हम पर रहम करो। नील नितिन मुकेश ने लिखा, अलग ही लेवल की प्रेरणा है ये तो। भगवान भला करे आपका।

# 70 के दशक में बोल्ड अभिनेत्री जीनत अमान ने मनाया 73 वां बर्थडे

हिंदी सिनेमा की लोकप्रिय अदाकारा जीनत अमान 19 नवंबर को अपना 73 वां जन्मदिन मनाई। 19 नवंबर 1951 को मुंबई में जीनत अमान का जन्म हुआ था। उन्होंने बहुत कम उम्र से मॉडलिंग की दुनिया में कदम रखा था। वहीं एक्टिंग करियर शुरू करने से पहले उन्होंने साल 1970 में मिस एशिया पैसेफिक का खिताब अपने नाम किया था। जिसके बाद फिर हलचल में उनको एक छोटा सा रोल मिला और इस तरह से एक्ट्रेस की अभिनय यात्रा की शुरूआत हुई। उस दौर में एक्ट्रेस ने एक से बढ़कर एक फिल्मों में काम किया और फैशन के मामले में बॉलीवुड की हवा बदल दी थी।



### फिल्में...

एक्ट्रेस जीनत अमान ने यादों की बारात, रोटी कपड़ा और मकान, पुकार, दोस्ताना, डार्लिंग डार्लिंग, हरे रामा हरे कृष्णा, अजनबी, डॉन, धरम वीर, धुंध, कुर्बानी, इंसाफ का तराजू, हम किसी से कम नहीं, लावारिस और चोरी मेरा काम जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। फिल्मों में बोल्ड सीन देना हो या फिर स्टाइलिश कपड़े हों, जीनत अमान का कोई मुकाबला नहीं। एक्ट्रेस ने फैशन के मामले में नए चलन शुरू किया। जिस दौर में अभिनेत्रियां फिल्मों में इंडियन आउटफिट में नजर आती थीं, तब जीनत अमान ने बोल्ड कपड़े पहनकर तहलका मचा दिया।

### ग्लैमर का तड़का

एक्ट्रेस जीनत अमान ने इंडस्ट्री में फैशन का नया ट्रेंड शुरू किया। उन्होंने हिप्पी ट्रेंड और रेट्रो लुक का चलन शुरू किया था। आज के दौर में जिन एक्ट्रेसेज की बिकनी लुक की सोशल मीडिया पर चर्चा होती है, लेकिन उस दौर में फिल्मों में बिकनी पहनना बड़ी बात थी। दशकों पहले जीनत अमान ने फिल्मों में बिकनी शूट कराया और एक्ट्रेस का मल्टीकलर फोटोशूट काफी चर्चा में रहा। एक्ट्रेस का यह अंदाज आज की कई बोल्ड अभिनेत्रियों को टक्कर देने वाला है।

### जीनत ने बोल्डनेस से जीते दिल

फिल्मों में रोमांटिक और बोल्ड सीन देने से परहेज न करने वाली जीनत अमान ने फिल्म %सत्यम शिवम सुंदरम% में सफेद साड़ी में हद से ज्यादा बोल्ड सीन देकर सनसनी फैला दी थी। यह फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई और उस दौर में जीनत अमान पहली अभिनेत्री थीं, जो फिल्मों में वेस्टर्न कपड़ों में दिखीं।

# सीजीपीएससी घोटाले का मामला फिर गरमाया

» सीबीआई कोर्ट में इस तरह पेश हुआ सीजी पीएसजी का पूर्व अध्यक्ष...

» चेहरे के रिएक्शन से दिया बड़ा मैसेज...

» सीबीआई की विशेष कोर्ट में पेश हुए सोनवानी...

» सीबीआई ने 45 लाख की रिश्वत में किया है अरेस्ट...

» छत्तीसगढ़ पीएससी के पूर्व अध्यक्ष हैं सोनवानी...

» सोमवार को सीबीआई की टीम ने किया था अरेस्ट...

**रायपुर,19 नवम्बर 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ पीएससी घोटाले में गिरफ्तार पूर्व अध्यक्ष तमन सिंह सोनवानी और कारोबारी एसके गोयल को कोर्ट में पेश किया गया। सीबीआई ने रायपुर के विशेष न्यायाधीश लीलाधर साय यादव की कोर्ट में दोनों आरोपियों को मंगलवार को पेश किया। सीबीआई की टीम जब तमन सिंह सोनवानी को लेकर कोर्ट पहुंची तो उनके चेहरे पर हल्की मुस्कान दिखाई दी। वहीं, कारोबारी मीडिया के सामने रुमाल से अपना चेहरा छिपाते नजर आए। सीबीआई सोनवानी से अगले सात दिनों तक पूछताछ करेगी। सोनवानी के देखकर ऐसा लग ही नहीं रहा था कि उन्हें रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया है।

### सीबीआई की टीम ने कोर्ट में किया पेश

मामले लेकर बचाव पक्ष के वकील फैसल रिजवी ने कहा- टीएस सोनवानी और एसके गोयल को सीबीआई कोर्ट में पेश किया है। 12 दिन की कस्टोडियल रिमांड की मांग के लिए आवेदन दिया गया था। सीबीआई ने अपने आवेदन में कहा- टीएस सोनवानी की पत्नी एक एनजीओ और उसके समिति की अध्यक्ष हैं। उनके कुछ रिश्तेदार सदस्य हैं। उस एनजीओ को सीएसआर फंड के तहत 20 लाख और 25 लाख रुपए एसके गोयल की कंपनी ने दिया है। उसके बाद ही उनके बेटे और उनकी बहू का पीएससी में सिलेक्शन हुआ है। इस वजह से उन्हें गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया है।

### सामूहिक फायदे के लिए दिया जाता है फंड

मामले में बचाव पक्ष ने कहा है कि जो एसआर फंड होता है वह एक चैरिटेबल पर्पस के लिए सामूहिक फायदे के लिए दिया जाता है। उस फंड को जिस संस्था को दिया जाता है वह किसी पर्सनल व्यक्ति को नहीं दिया जाता। सोनवानी की पत्नी उसमें अध्यक्ष हैं तो वह उसकी मालिक नहीं हो जाती हैं क्योंकि वह आज अध्यक्ष हैं तो कल कोई और भी हो सकता है। उस फंड में जो खर्च होता है उसका रिकॉर्ड होता है। कहां खर्च हुआ, कैसे खर्च हुआ। उसका अपडेट होता है।




## गोयल के बेटे और बहू ने किया है केस

एसके गोयल कंपनी ने भी जो पैसे यहां दिए हैं उसे अपनी फाइनेंस टीम को बताया होगा। इसमें सबसे बड़ी बात यह है कि जो बताया जा रहा है कि एसके गोयल के बेटे और बहू का सिलेक्शन पैसे देने के बाद हुआ है तो फिर उने दोनों ने ही कोर्ट पर केस क्यों किया। हाई कोर्ट में सितंबर 2024 को एक पिटीशन दायर की है उसमें उन दोनों ने कहा है कि हमारे पेपर की जांच करवाई जाए। इस बात को लेकर उन्होंने खुद याचिका लगाई है।उन्होंने कहा कि अगर जांच में उनका सिलेक्शन सही पाया जाता है तो सीबीआई की गिरफ्तारी का कोई औचित नहीं है। उन्हें इस मामले में अभी गिरफ्तारी नहीं करनी चाहिए। गिरफ्तारी तब करनी थी जब याचिका पर कोर्ट का फैसला आ जाता। उन्होंने कहा कि अगर एसके गोयल के बच्चे गलत होते तो कोर्ट क्यो जाते?

## कांग्रेस नेताओं की भी होगी गिरफ्तारी

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के पूर्व चेयरमैन टामन सोनवानी की गिरफ्तारी के बाद भाजपा को कांग्रेस पर हमला करना का मौका मिल गया है. वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने पीएससी घोटाले को लेकर कहा कि यह पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के शीर्ष नेताओं की शह के बिना संभव नहीं था. परीक्षा में धांधली कर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले डबल इंजन सरकार में बख्शे नहीं जाएंगे. बता दें कि पीएससी गड़बड़ी की जांच हाथ में लिए जाने के पांच महीने बाद सीबीआई ने सोमवार को पीएससी के तत्कालीन चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी के साथ बजरंग पावर एण्ड इस्पात लिमिटेंड के निदेशक श्रवण कुमार गोयल को गिरफ्तार किया था. आज दोनों को अदालत में पेश कर सीबीआई ने 14 दिन की रिमांड मांगी है.

सीबीआई की बड़ी कार्रवाई के बाद भाजपा के तमाम नेता कांग्रेस पर हमला करना शुरू कर दिया है. वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अपरोक्ष तौर पर तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर निशाना साधते हुए सोशल मीडिया 'एक्स' पर किए में अपने पोस्ट में लिखा है कि यह घोटाला कांग्रेस के शीर्ष नेताओं की शह के बिना संभव नहीं था. इसके साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार में दोषी बख्शे नहीं जाएंगे.

## सीजीपीएससी मामले की निष्पक्ष जांच हो

वहीं सीजीपीएससी मामले में बैज ने कहा, निष्पक्षता से जांच होनी चाहिए. बदले की भावना से जांच नहीं होनी चाहिए.सीजीपीएससी मामले में बैज ने कहा, निष्पक्षता से जांच होनी चाहिए सीजीपीएससी मामले में टामन सोनवानी की गिरफ्तारी पर बैज ने कहा, कोई गड़बड़ी है तो निष्पक्षता से जांच होनी चाहिए. जिस तरीके से सरकार ने विधानसभा चुनाव के दौरान राजनीतिक भावना से प्रेरित होकर पूरे सरकार को बदनाम करने का काम किया,अगर कोई वास्तव में गड़बड़ी है तो निश्चित रूप से निष्पक्षता से जांच होनी चाहिए, लेकिन राजनीतिक बदले की भावना से जांच नहीं होनी चाहिए. कांग्रेस का कार्यकाल ही नहीं, पिछले 15 साल में बहुत सारे गोलमाल हुए हैं. बहुत सारे अपने लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए इस तरीके का काम हुआ है. क्या सरकार पिछले 15 सालों को कभी जांच कराएगी? राजनीतिक बदले की भावना से काम नहीं होना चाहिए. अगर कोई दोषी है तो उस पर कार्रवाई होनी चाहिए.

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### गृह विभाग के सलाहकार बोर्ड का किया पुनर्गठन



» दो और रिटायर्ड जजों के नाम किए गए शामिल

**रायपुर,19 नवम्बर 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ शासन ने गृह विभाग के सलाहकार बोर्ड का पुनर्गठन किया है। हाई कोर्ट के सीटिंग जज नरेन्द्र कुमार व्यास की अध्यक्षता में गठित बोर्ड में दो रिटायर्ड जजों के नाम शामिल किए गए हैं। गृह विभाग की सलाहकार बोर्ड में सेवा निवृत्त जज नवल किशोर अग्रवाल और विमला सिंह कपूर सदस्य बनाए गए हैं। गृह विभाग के उप-सचिव डीपी कौशल ने अधिसूचना जारी की है।

### जग्गी हत्याकांड, 6 आरोपियों को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत



**रायपुर,19 नवम्बर 2024(ए)।** बहुचर्चित रामावतार जग्गी हत्याकांड में आरोपी फ़िरोज सिद्दीकी, पूर्व पुलिस अफसर एएस गिल, वीके पांडेय , अविनाश उर्फ़ लल्लन ,विश्वनाथ राजभर और आरसी त्रिवेदी को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है. इन आरोपियों को छह माह पहले दोबारा जेल में दाखिल किया गया था. सभी आरोपी पांच साल से अधिक समय तक जेल में बीता चुके हैं. बचे आरोपियों की जमानत ओर 21 को सुनवाई होगी. वकीलों ने बताया कि आरोपियों की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की बेंच ने सुनवाई के बाद मंगलवार को छह आरोपियों की जमानत के आदेश दिए हैं. अब आदेश की मूल प्रति रायपुर की अदालत में जमा की जाएगी, जिसके बाद आरोपियों की जेल से रिहाई के आदेश होगा.



### बछड़े की मौत का बदला

**कोरबा,19 नवम्बर 2024(ए)।** कटघोरा के जंगलों में हुई तेंदुए की दर्दनाक मौत ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। बछड़े की मौत का बदला लेने के लिए बाप-बेटे ने तेंदुए को जहर देकर मार डाला। इस जघन्य अपराध में शामिल पिता-पुत्र और उनके रिश्तेदार को वन विभाग ने गिरफ्तार कर लिया है। तेंदुए की खाल, नाखून, और दांत निकालने की भी पुष्टि हुई है।

## छत्तीसगढ़ वनरक्षक भर्ती का खेल आया सामने

» बीजापुर में रात में कराया फिजिकल टेस्ट

» वनविभाग की मनमानी से युवाओ में आक्रोश.

**बीजापुर,19 नवम्बर 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में वनविभाग के वनरक्षक भर्ती मामले में एक नई धांधली सामने आई है। बता दें, जिला मुख्यालय के एजुकेशन सिटी में 16 से 20 नवंबर तक वनरक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में 70 पदों के लिए फिजिकल टेस्ट होनी थी।खेल करने में वनविभाग को पार पाना किसी और के बस में नहीं हैं।पूर्व की भूपेश सरकार में घोटालों के नाम से जाना जाता था आज भी अफसर वही काम करते आ रहे है. सांय सरकार के आने के बाद भी वनविभाग का तरीका नहीं बदला.सूत्रो के अनुसार इस खेल में लाखो का वारा न्यारा होने की जानकारी सामने आ रही है।भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़े फैसले लेने की आवश्यकता है.

इसकी जिम्मेदारी वनविभाग और इंद्रावती टाइगर रिजर्व के अधिकारियो और कर्मचारियों को दी गई है। इसके लिए अभ्यर्थी अपना फिजिकल टेस्ट पास करने के लिए सुबह से ही एजुकेशन सिटी के फुटबॉल ग्राउंड में नजर आ रहे है और अपनी पारी का इंतजार कर रहे है।बेरोजगारी से जूझते युवा अपनी किस्मत को ही कोस रहे है.युवाओ के साथ अन्याय कब बंद होगा.रात को फिजिकल करवाना समझ से परे हैं.लेकिन अब देखा जा रहा है कि इसके लिए आवेदन दिए लगभग 9500 अभ्यर्थियों को दिन के साथ-साथ रात में भी फिजिकल टेस्ट करवाया जा रहा है।



### डीएफओ ने नहीं दिखाया अनुमति पत्र

हालांकि इस मामले पर क्षेत्र के जिला वन अधिकारी ने कहा, यह फिजिकल टेस्ट रायपुर के पीसीसीएफ कार्यालय से अनुमति लेकर करवाया जा रहा।लेकिन, जब उनसे अनुमति का पत्र माँगा गया तो उन्होंने खबर लिखे जाने तक मीडिया को प्राप्त अनुमति पत्र साझा नहीं गया।इससे यह बात तो साफ़ है की वनविभाग में बड़ा खेल कर दिया गया.

### अधिकारियों के द्वारा गोलमाल करने का प्लानः अभ्यर्थी

वन विभाग के इस खेल को लेकर बहुत सी बाते सुनने में आ रही है.ऐसे में नाराज अभ्यर्थियों ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि हमने इस पद के लिए जी तोड़ मेहनत की है, लेकिन वनविभाग और इंद्रावती टाइगर रिजर्व के अधिकारी और कर्मचारी अभ्यर्थियों का फिजिकल टेस्ट रात्रि में करवा रहे है, जो की सरासर गलत है।

साथ ही अभ्यर्थियों ने यह भी अटकलें लगाई हैं कि कहीं न कही वनरक्षक की भर्ती प्रक्रिया में अधिकारियों ने कुछ गोलमाल करने का षड्यंत्र रचा है और कुछ चुनिंदा अभ्यर्थियों से पैसे का लेनदेन करने का विचार कर रहे हैं।हालांकि इस संबध में वनविभाग और इंद्रावती टाइगर रिजर्व के अधिकारी इस घोटाले में अपने आपको बचाते हुए अपनी अलग कहानी बताते है उनका कहना है की भर्ती प्रकिया में कोई भी गड़बड़ी नहीं हो रही है।हर जगह सीसीटीवी कैमरे भी लगे हुए है और नियम के साथ भर्ती की प्रकिया की चल रही है।खैर वनविभाग अक्सर अपने कारनामों से ही चर्चा में रहा है इस मामले से फिर एक बार वनविभाग का फर्जीवाड़ा सामने आ गया है।

### नियम को ताक पर रखकर विभाग करवा रहा फिजिकल टेस्ट

वनरक्षक भर्ती परीक्षा का फिजिकल टेस्ट सूर्योदय से सूर्यास्त के बीच पर्याप्त रोशनी की अवस्था में कराए जाने का प्रावधान है। यही बात भर्ती के नियमों में भी लिखा है।लेकिन, पीसीसीएफ के इस आदेश की अवहेलना कर वनविभाग और इंद्रावती टाइगर रिजर्व के अधिकारी व कर्मचारी रात के अँधेरे में शनिवार को अभ्यर्थियों का फिजिकल टेस्ट कराते नजर आ रहे हैं।इस मामले को लेकर युवाओ में आक्रोश दिखने लगा है.



## विद्यालयों के आसपास तंबाकू उत्पादों की बिक्री को हाई कोर्ट ने लिया संज्ञान

» जनहित याचिका दायर कर मुख्य सचिव से मांगा जवाब

**बिलासपुर,19 नवम्बर 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने स्कूलों के पास तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर नाराजगी जताई है। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति अमितेंद्र किशोर प्रसाद की युगलपीठ ने इस मामले की सुनवाई करते हुए इसे बच्चों के स्वास्थ्य और भविष्य के लिए खतरनाक माना। इस मामले में कोर्ट ने मुख्य सचिव और बिलासपुर नगर निगम से शपथ पत्र के माध्यम से जवाब मांगा है।

### बच्चों में बढ़ सकती है नशे की लत

हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया कि देश में कोटपा कानून मौजूद है। उसका सख्ती से पालन होना चाहिए। बेंच ने चिंता जताई कि स्कूलों के पास तंबाकू उत्पादों की बिक्री से बच्चों में नशे की लत बढ़ सकती है, जिससे उनका भविष्य बर्बाद हो सकता है।

### प्रशासन ने की ताबड़-तोड़ कार्रवाई

जैसे ही यह मामला हाई कोर्ट के संज्ञान में आया और मुख्या न्यायाधीश ने नाराजगी जताई बिलासपुर जिला प्रशासन ने आनन-फानन में स्कूलों के पास संचालित पान दुकानों पर कार्रवाई की।

राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता प्रफुल्ल एन भारत ने कोर्ट को जानकारी दी कि बिलासपुर जिला प्रशासन ने हाल ही में कोटपा अधिनियम का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों पर जुर्माना लगाया गया है और भविष्य में सख्ती बरती जाएगी।

इस मामले को जनहित याचिका के रूप में स्वीकार करते हुए हाई कोर्ट ने मुख्य सचिव और बिलासपुर म्युनिसिपल कॉरपोरेशन से जवाब तलब किया है। इस पर अगली सुनवाई 5 दिसंबर को होगी।



## 5 करोड़ का ट्रांजेक्शन और 45 बेनामी खाते

» चार जीआरपी सिपाहियों के गिरफ्तारी के बाद चौकाने वाले खुलासा

» करोड़पति सिपाही ने उगले कई राज

**रायपुर,19 नवम्बर 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ की शासकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) की काली करतूतों ने राज्य पुलिस की छवि को धूमिल कर दिया है। पिछले पांच सालों से जीआरपी एक संगठित गिरोह की तरह गांजे की तस्करी में लिप्त पाई गई है, जिसमें उच्च अधिकारियों की संलिप्तता भी सामने आई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीजीपी अशोक जुनेजा ने इसकी जांच का जिम्मा बिलासपुर एसपी रजनेश सिंह को सौंपा है। जांच में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि पिछले पांच से सात सालों में जीआरपी के अधिकतर वरिष्ठ अधिकारियों ने इस अवैध धंधे से करोड़ों रुपये कमाए।

छत्तीसगढ़ की खुफिया पुलिस को सूचना मिली थी कि जीआरपी के जवान संगठित तरीके से गांजे की तस्करी कर रहे हैं। खुफिया प्रमुख अमित कुमार ने इस मामले की जांच के लिए सात अधिकारियों की टीम गठित की। तीन महीने की जांच के दौरान टीम ने हावड़ा-मुंबई और वाल्टेयर-टिटलागढ़ लाइनों पर करीब 250 ट्रेनों में यात्रा कर पुख्ता सबूत जुटाए। जांच पूरी होने के बाद चार जीआरपी सिपाहियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

## शिक्षिका ने ड्राइवर संग रचाई शादी,परिजनों ने थाने में मचाया हंगामा

» आपस में भिड़े दोनों परिवार...

**दुर्ग,19 नवम्बर 2024 (ए)।** भिलाई के सेक्टर-6 महिला थाने में सोमवार रात एक प्रेम विवाह को लेकर बड़ा हंगामा हुआ। घटना में लड़की और लड़के के परिवार के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट तक की नौबत आ गई। बताया जा रहा है कि बीएसपी के एक अधिकारी स्वतंत्र ताम्रकार की बेटी शैवी ताम्रकार ने रायपुर निवासी स्कूल बस ड्राइवर आशुतोष देशपांडे से प्रेम विवाह कर लिया है। शैवी जिस स्कूल में पढ़ाती थीं, वहीं आशुतोष ड्राइवर के रूप में काम करता था। हालांकि, शैवी के परिवार को यह रिश्ता स्वीकार नहीं था, जिससे कारण विवाद हुआ।

### प्रेम विवाह से शुरू हुआ विवाद

जानकारी के अनुसार, शैवी ताम्रकार जिस स्कूल में पढ़ाती थीं, वहीं आशुतोष ड्राइवर का काम करते थे। दोनों के बीच प्रेम प्रसंग के चलते उन्होंने शादी का फैसला लिया। लेकिन शैवी के परिवार को यह रिश्ता मंजूर नहीं था। परिवार की नाराजगी के कारण शैवी और आशुतोष ने रायपुर में आर्य समाज मंदिर में विवाह कर लिया। दोनों 6 नवंबर को आर्य समाज मंदिर में शादी किया था।



शादी के बाद, शैवी के माता-पिता ने नेवई थाने में बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। हालांकि, कुछ दिनों बाद शैवी और आशुतोष ने थाने पहुंचकर खुद को बालिग बताते हुए पुलिस को विवाह की जानकारी दी। थाने में बयान दर्ज कर पुलिस ने दोनों को छोड़ दिया।

### महिला थाने में हंगामा

सोमवार शाम, दोनों को बयान दर्ज कराने के लिए महिला थाने बुलाया गया। शैवी अपने पति और ससुर के साथ वहां पहुंचीं। इस दौरान लड़की के माता-पिता और अन्य परिजन भी थाने आ गए। बातचीत के दौरान बहस बढ़ी और मामला हाथापाई तक पहुंच गया। शैवी का आरोप है कि उसके माता-पिता और मामा ने उसका गला दबाने की कोशिश की और ससुर के सिर पर हमला किया, जिससे खून बहने लगा।थाने में मौजूद महिला अधिवक्ताओं ने भी आरोप लगाया कि लड़की के परिजनों ने पुलिस की शह पर उनके साथ दुर्व्यवहार किया और उनका कॉलर पकड़ने की कोशिश की। घटना के बाद अधिवक्ताओं ने भिलाई नगर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। भिलाई नगर थाना प्रभारी प्रशांत मिश्रा ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जाएगी।

## नायब तहसीलदार और टीआई ने एक-दूसरे पर लगाए गंभीर आरोप

**बिलासपुर,19 नवम्बर 2024(ए)।** बिलासपुर में बस्तर जिले के करपावंड में पदस्थ नायब तहसीलदार ने पुलिसकर्मियों से दबंगई दिखाई। वहीं तहसीलदार के इंजीनियर भाई ने पुलिसकर्मियों को जान से मारने की धमकी दी है। देर रात तक थाने में ड्रामा चलता रहा। नायब तहसीलदार ने पुलिसकर्मियों पर मारपीट करने और टीआई पर झूठे केस में फंसाने का आरोप लगाया। उन्होंने आधी रात कलेक्टर को कॉल किया, जिसके बाद भी मामला शांत नहीं हुआ। आखिरकार, पुलिसकर्मियों ने नायब तहसीलदार के भाई पर केस दर्ज किया है। नायब तहसीलदार ने पुलिस पर मनमानी करने का आरोप लगाते हुए एसपी, आईजी और डीजीपी से शिकायत की है। घटना सरकंडा थाना क्षेत्र की है।






## अजय चंद्राकर ने राजधानी में डबल मर्डर को माना गंभीर

**रायपुर,19 नवम्बर 2024 (ए)।** राजधानी रायपुर में सामने आई डबल मर्डर की घटना को भाजपा के वरिष्ठ नेता व विधायक अजय चंद्राकर ने गंभीर बताते हुए कहा कि गृह मंत्री से निवेदन है कि तत्काल कार्रवाई हो. वहीं मृतक के पिता की बातों को अन्यथा नहीं लेने की बात कही।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)